**2024-25 CHHATTISGARH GK**

**Objective Chapterwise Solved Papers**

**UP-TO-DATE**

# यूथ कॉम्पिटिशन टाइम्स

**CGPSC**

■ CGPCS (Pre) ■ Civil Judge ■ ADPO ■ Assistant Director Agriculture/Technical ■ DPO ■ Scientific Officer ■ CMO ■ AMO ■ IMO ■ Dental Surgeon ■ Assistant Research Officer ■ Law Officer ■ ADPPO ■ State Engineering Service ■ Assistant Professor ■ APRO ■ APO ■ Insurance Medical Officer ■ Librarian & Sport Officer ■ Forest Service ■ ARTO & TSI ■ Cheif Municipal Officer ■ Assistant Director Jansampark ■ Assistant Director Planning ■ Assistant Director Sericulture ■ Principal Varg-2 ■ ARO ■ Medical Officer ■ Granthpal ■ ABEO ■ Assistant Controller ■ Sahayak Bhaumiki Vid ■ Food Inspector ■ Drug Inspector

**CG-व्यापम**

■ पटवारी ■ Food Inspector ■ महिला पर्यवेक्षक ■ सहायक समपरिवेक्षक ■ परियोजना क्षेत्रपाल ■ CSPDCH ■ DEO ■ Assistant Grade-III ■ मण्डी निरीक्षक ■ FCPR ■ TET ■ FNDM ■ DCAG ■ Assistant Grade-III Computer ■ Public Relation Officer ■ AGDO ■ SAAF ■ SMS ■ NNRI ■ Assistant Labour Officer & Inspector ■ लेखपाल ■ CDM ■ EAE ■ ADEO ■ Revenue Inspector ■ Food Inspector ■ अमीन ■ Assistant Development Officer ■ Warehouse Technical Assistant ■ Assistant Manager ■ SAE ■ RIRE ■ Hostel Warden ■ CGSI ■ Kadi ■ खण्ड अपूर्ति निरीक्षक ■ CACC ■ Investigator ■ वानिकी ■ कनिष्ठ ■ मण्डल संयोजक ■ नगरीय निकाय राजस्व निरीक्षक ■ High Court Vidhik Pradikaran Translator ■ Field Man ■ MSI ■ Assistant Accountant

**एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु अति उपयोगी**

# वस्तुनिष्ठ छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान

प्रश्न: भारत में वन-क्षेत्र की दृष्टि से छत्तीसगढ़ राज्य का क्रम क्या है?

(a) प्रथम (b) द्वितीय
(c) तृतीय (d) चतुर्थ
(e) इनमें से कोई नहीं

CGPSC (ADA) Exam- 2023
CG VYAPAM (VDAG) Exam-2022
CG Vyapam (Vanrakshak) Exam-2021
CG VYAPAM (VFM) Exam-2021
CG VYAPAM (SGST) Exam-2021
CGPSC (LSO) Exam-2019
CGPSC (Pre) Exam-2019
CG Vyapam (FNDM) Exam-2018
CGPSC (Asst. Dir. Jansampark) Exam-2018
CG Vyapam (ETOS) Exam- 2017
CG Vyapam (AE) Exam- 2017
CG Vyapam (EAE) Exam-2017
CG Vyapam (Patwari) Exam- 2016
CG Vyapam (LOI) Exam- 2015

**3303+ वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

## अध्यायवार सॉल्व्ड पेपर्स

**270 PAPERS**

**विस्तृत व्याख्या सहित हल एवं समस्त आयोगो की संशोधित ANSWER-KEY द्वारा प्रमाणित**

# विषय-सूची


1. छत्तीसगढ़ : संक्षिप्त अवलोकन ....7-17
2. छत्तीसगढ़ : इतिहास .... 18-85
3. छत्तीसगढ़ : भौगोलिक स्वरूप ( प्रमुख मैदान, पर्वत, पठार एवं घाटियाँ ).... 86-97
4. छत्तीसगढ़ : जलवायु एवं मिट्टी ....98-103
5. छत्तीसगढ़ : सिंचाई, नदियाँ एवं नदी घाटी परियोजनाएँ, ऊर्जा....104-123
6. छत्तीसगढ़ : झील एवं जलप्रपात....124-127
7. छत्तीसगढ़ : कृषि एवं पशुपालन ....128-134
8. छत्तीसगढ़ : खनिज संसाधन एवं उद्योग....135-164
9. छत्तीसगढ़ : परिवहन एवं संचार ....165-166
10. छत्तीसगढ़ : राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था ....167-210
11. छत्तीसगढ़ : वन, वन्यजीव, राष्ट्रीय उद्यान एवं अभ्यारण्य ....211-223
12. छत्तीसगढ़ : अर्थव्यवस्था ( बजट एवं आर्थिक-समीक्षा ) ....224-236
13. छत्तीसगढ़ : कल्याणकारी योजनाएँ....237-256
14. छत्तीसगढ़ : शिक्षा, प्रमुख शिक्षण एवं शोध संस्थान....257-261
15. छत्तीसगढ़ : साहित्य एवं पत्र-पत्रिकाएँ....262-273
16. छत्तीसगढ़ : जनगणना ( जनसंख्या एवं नगरीकरण )....274-282
17. छत्तीसगढ़ : प्रमुख जनजातियाँ ....283-291
18. छत्तीसगढ़ : कला एवं संस्कृति ( भाषा एवं बोलियाँ, प्रमुख त्यौहार एवं मेले, पहनावा एवं वेशभूषा, नृत्य, लोकगीत इत्यादि )....292-328
19. छत्तीसगढ़ : पर्यटन, प्रमुख ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल, प्रमुख व्यक्तित्व....329-344
20. छत्तीसगढ़ : प्रमुख पुरस्कार एवं सम्मान....345-353
21. छत्तीसगढ़ : खेल ....354-357
22. छत्तीसगढ़ : राज्य में प्रथम....358-359
23. छत्तीसगढ़ : समसामयिकी....360-369
24. छत्तीसगढ़ : विविध ....370-384

# प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण

## पूर्व परीक्षाओं में पूछे गये प्रश्न-पत्रों का विश्लेषण चार्ट

| क्र. सं. | परीक्षा का नाम एवं परीक्षा वर्ष | प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| **1.** | CGPSC (Pre) 2003 -2023 | 16 ×100 = 1600 |
| **2.** | CGPSC (ACF) 2016-2020 | 7 × 100 = 700 |
| **3.** | Civil Judge (Pre) 2014, 2016, 2019 | 3 × 100 = 300 |
| **4.** | CG (ADPO) 2013, 2017, 2021 | 3×100 = 300 |
| **5.** | Legal Officer & Registrar 2017 | 1×100 = 100 |
| **6.** | Principal (Verg-2) 2016 | 1×100 = 100 |
| **7.** | Ayurved Medical Officer, 2017 | 1×100 = 100 |
| **8.** | Assistant Director (Planning, Research, Survey, Horticulture, Sericulture, Economics and Statistics ) 2014, 2016, 2017, 2018, 2019 | 10 ×100 = 1000 |
| **9.** | Boiler Inspector, 2015 | 1×100 = 100 |
| **10.** | Granthpal, 2013 | 1×100 = 100 |
| **11.** | Homeopathy Medical Officer, 2017 | 1×100 = 100 |
| **12.** | Librarian and Sport Officer, 2017, 2019 | 3×100 = 300 |
| **13.** | Registrar, Deputy Registrar, Assistant Registrar, 2014,2021 | 2 ×100 = 200 |
| **14.** | Scientific Officer, 2015, 2018, 2022 | 3×100 = 300 |
| **15.** | CGPSC Assistant Grade-III, 2015 | 1×100 = 100 |
| **16.** | State Engineering Services, 2014, 2016, 2017, 2018, 2021 | 5×100 = 500 |
| **17.** | State Forest Services, 2003, 2008 | 2×100 = 200 |
| **18.** | CMO, 2010, 2019 | 2×100 = 200 |
| **19.** | Assistant Director Agriculture, 2023 | 1×100 = 100 |
| **20.** | Assistant Director Jan Sampark, 2018 | 1×100 = 100 |
| **21.** | ADJE, 2020 | 1×100 = 100 |
| **22.** | ADA, 2020 | 1×100 = 100 |
| **23.** | ARTO & TSI, 2016, 2022 | 2×100 = 200 |
| **24.** | ADI, 2016 | 1×100 = 100 |
| **25.** | Sport & Youth Welfare Officer, 2018 | 1×100 = 100 |
| **26.** | Vahan Chalak, 2018 | 1×100 = 100 |
| **27.** | Assistant Director Handloom, 2017 | 1×100 = 100 |
| **28.** | IMO, 2020 | 1×100 = 100 |
| **29.** | VAS, 2021 | 1×100 = 100 |
| **30.** | AMO, 2022 | 1×100 = 100 |
| **31.** | ITI Principal, 2022 | 1×100 = 100 |
| **32.** | FICS, 2017 | 1×100 = 100 |
| **33.** | CG FCPR, 2017 | 1×100 = 100 |
| **34.** | SI (Pre & Mains) 2023 | 1×100 = 100 |
| **35.** | FNDM, 2018 | 1×100 = 100 |

| | | |
|---|---|---|
| **36.** | HCAG, 2018 | 1×100 = 100 |
| **37.** | PRIA, 2018 | 1×100 = 100 |
| **38.** | DCAG, 2018 | 1×100 = 100 |
| **39.** | AGDO, 2018 | 1×100 = 100 |
| **40.** | SAAF, 2018 | 1×100 = 100 |
| **41.** | LOI, 2018 | 1×100 = 100 |
| **42.** | Mandal Sanyojak Bharti Pariksha, 2018 | 1×100 = 100 |
| **43.** | Nagriya Nikay Rajaswa Nirikshak, 2018 | 1×100 = 100 |
| **44.** | Lekhapal Bharti (CACC) 2018 | 1×100 = 100 |
| **45.** | Field Officer (RFOI), 2018, 2022 | 2×100 = 200 |
| **46.** | Field Man (RFM) 2018 | 1×100 = 100 |
| **47.** | CG Vyapam (CDM), 2018 | 1×100 = 100 |
| **48.** | UP- Vaniki Kanishth (FNDM), 2019 | 1×100 = 100 |
| **49.** | Labour Officer, 2018 | 1×100 = 100 |
| **50.** | CG DEAG (Sayukt Bharti), 2018 | 1×100 = 100 |
| **51.** | CH Khad Aapurti Nirishak, 2017 | 1×100 = 100 |
| **52.** | CG MSI, 2021 | 1×100 = 100 |
| **53.** | CG NNRI, 2018 | 1×100 = 100 |
| **54.** | CG Patwari, 2016, 2017, 2019, 2022 | 4×100 = 400 |
| **55.** | Parvekshak (Open Bharti), 2021 | 1×100 = 100 |
| **56.** | CG Sahayak Samparikshak, 2022 | 1×100 = 100 |
| **57.** | Patwari (Asst. Career), 2017 | 1×100 = 100 |
| **58.** | FCFI, 2022 | 1×100 = 100 |
| **59.** | Parvekshak Parisimt Bharti, 2021 | 1×100 = 100 |
| **60.** | CSPDCL, 2018 | 1×100 = 100 |
| **61.** | Labour Officer, 2018 | 1×100 = 100 |
| **62.** | Shikshak Bharti Pariksha, 2023 | 1×100 = 100 |
| **63.** | Assistant Bharti Pariksha, 2023 | 1×100 = 100 |
| **64.** | Yvakhata Math Bharti Pariksha, 2023 | 1×100 = 100 |
| **65.** | Yvakhata Physic Bharti Pariksha, 2023 | 1×100 = 100 |
| **66.** | Assistant Director (Uparjan, Nirman, Process) Exam, 2023 | 1×100 = 100 |
| **67.** | Assistant Management Bharti Pariksha, 2023 | 1×100 = 100 |
| **68.** | Assistant (Labour, Padadhikari, Nirikshak, Asst. Nirikshak) Bharti Pariksha, 2023 | 1×100 = 100 |
| **69.** | Hostel Warden (Man) & (Women), 2023 | 1×100 = 100 |
| **70.** | Mahila Parvekshak Open Bharti, 2023 | 1×100 = 100 |
| **71.** | Mahila Parvekshak Parisimit Bharti, 2023 | 1×100 = 100 |
| **72.** | Khetrarakshak, 2021 | 1×100 = 100 |
| **73.** | JE, 2022 | 1×100 = 100 |
| **74.** | VDAG (DATA), 2022 | 1×100 = 100 |
| **75.** | VIAD (Antarik), 2021 | 1×100 = 100 |
| **76.** | SGST (Shod), 2021 | 1×100 = 100 |

| | | |
|---|---|---|
| **77.** | SAAF, 2021 | 1×100 = 100 |
| **78.** | AGDO (Sahayak), 2021 | 1×100 = 100 |
| **79.** | VAPR, 2021 | 1×100 = 100 |
| **80.** | VPR (Priyojana), 2021 | 1×100 = 100 |
| **81.** | ESC (Scientist) 2022 | 1×100 = 100 |
| **82.** | MSD, 2021 | 1×100 = 100 |
| **83.** | KADI, 2019 | 1×100 = 100 |
| **84.** | BEAG, 2018 | 1×100 = 100 |
| **85.** | KADI-II 2019 | 1×100 = 100 |
| **86.** | SGST, 2018 | 1×100 = 100 |
| **87.** | HCRP, 2018 | 1×100 = 100 |
| **88.** | HCT, 2018 | 1×100 = 100 |
| **89.** | MCAS, 2018 | 1×100 = 100 |
| **90.** | MCOT, 2018 | 1×100 = 100 |
| **91.** | MCTE, 2018 | 1×100 = 100 |
| **92.** | RFI, 2018 | 1×100 = 100 |
| **93.** | CTC, 2018 | 1×100 = 100 |
| **94.** | HCHE, 2018 | 1×100 = 100 |
| **95.** | ETOS, 2017 | 1×100 = 100 |
| **96.** | RI, 2015, 2017 | 2×100 = 200 |
| **97.** | EAE, 2017 | 1×100 = 100 |
| **98.** | MACC, 2017 | 1×100 = 100 |
| **99.** | ECH, 2016, 2017 | 2×100 = 200 |
| **100.** | MFA, 2017 | 1×100 = 100 |
| **101.** | ESC, 2017 | 1×100 = 100 |
| **102.** | WRDA, 2017 | 1×100 = 100 |
| **103.** | CROS, 2017 | 1×100 = 100 |
| **104.** | CSFI, 2017 | 1×100 = 100 |
| **105.** | MDM, 2017 | 1×100 = 100 |
| **106.** | ADEO, 2017 | 1×100 = 100 |
| **107.** | CG FCPR | 1×100 = 100 |
| **108.** | SDAG, 2016 | 1×100 = 100 |
| **109.** | AAF, 2015 | 1×100 = 100 |
| **110.** | LOI, 2015 | 1×100 = 100 |
| **111.** | RIRE, 2015 | 1×100 = 100 |
| **112.** | WHTA, 2015 | 1×100 = 100 |
| **113.** | HW, 2014 | 1×100 = 100 |

**नोट–** उपरोक्त **270** प्रश्नपत्रों के सम्यक विश्लेषण के उपरान्त यथा संभव समान प्रकृति एवं प्रवृत्ति से बचते हुए **छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान** से सम्बन्धित कुल **3303** से अधिक प्रश्नों को अध्यायवार प्रस्तुत किया गया है। दुहराव वाले प्रश्नों का परीक्षा वर्ष एवं परीक्षा नाम यथास्थान निर्दिष्ट कर दिया गया है।

# 01.

# छत्तीसगढ़ : संक्षिप्त अवलोकन

**1. इनमें से कौन छत्तीसगढ़ का राज्य वृक्ष है?**

(a) पीपल (b) बरगद
(c) साल (d) शीशम
(e) नीम

**CGPSC Registrar Exam-2021**
**CSPHCL Exam 21/08/2016**
**CGPSC (ARO, APO, APRO) Exam-2014**

**Ans. (c) :** आदिवासियों के कल्पवृक्ष के नाम से प्रसिद्ध साल (शोरिया रोबस्टा) वृक्ष छत्तीसगढ़ का राज्य वृक्ष है। राज्य के बस्तर संभाग में बहुतायत संख्या में पाया जाता है। इसे स्थानीय भाषा में 'सरई' कहा जाता है।

**2. वर्तमान में छत्तीसगढ़ की सीमा ................ भारतीय राज्यों से लगती है।**

(a) 7 (b) 6
(c) 8 (d) 5
(e) 4

**CG Vyapam (ECH) Exam 2016**
**CGPSC (ARO, APO, APRO) Exam-2014**

**Ans. (a) :** छत्तीसगढ़ राज्य की सीमाएँ देश के सात (7) राज्यों को स्पर्श करती हैं, यथा मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड, ओडिशा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना।

**3. छत्तीसगढ़ राज्य कब अस्तित्व में आया था?**

(a) 1 नवम्बर, 2000 (b) 9 नवम्बर, 2000
(c) 10 नवम्बर, 2000 (d) 15 नवम्बर, 2000
(e) 1 जनवरी, 2000

**CSPHCL 21/08/2019**
**CG PSC (Pre) 2011**
**CG Vyapam KADI-I Exam 2019**
**CGPSC (ARO, APO, APRO) Exam-2014**
**CG Vyapam (MDM) Exam-2017**

**Ans. (a) :** वर्तमान छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश राज्य से अलग होकर 1 नवम्बर, 2000 को देश के 26वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आया।

**4. छत्तीसगढ़ में 1 जनवरी, 2012 को कितने नए जिले बने हैं?**

(a) 10 (b) 9
(c) 11 (d) 8
(e) 7

**CGPSC (ARO, APO, APRO) Exam-2014**

**Ans. (b) :** 1 जनवरी, 2012 को छत्तीसगढ़ में 9 नए जिलों का निर्माण किया गया। इनमें बलौदाबाजार-भाठापारा, गरियाबंद, मुंगेली, सुकमा, कोण्डागाँव, बेमेतरा, बालोद, सूरजपुर, बलरामपुर हैं। इन 9 जिलों के निर्माण के उपरान्त राज्य में 27 जिले हो गये थे। उल्लेखनीय है कि 2020 में 1 एवं 2022 में 5 नए जिलों के निर्माण के उपरान्त राज्य में जिलों की संख्या 33 हो गई है।

**5. मध्य प्रदेश से अलग होते समय मूलतः छत्तीसगढ़ में ................ जिले थे।**

(a) 14 (b) 16
(c) 18 (d) 12
(e) 20

**CGPSC (ARO, APO, APRO) Exam-2014**

**Ans. (b) :** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन (1 नवम्बर, 2000) के समय राज्य में 16 जिले एवं 3 संभाग थे।

**6. छत्तीसगढ़ में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा जिला इनमें से कौन-सा है?**

(a) अंबिकापुर (b) सूरजपुर
(c) बस्तर (d) दन्तेवाड़ा
(e) रायपुर

**CGPSC (ARO, APO, APRO) Exam-2014**

**Ans. (d) :** छत्तीसगढ़ में जिलों का क्षेत्रफल -

| | जिले | | क्षेत्रफल (वर्ग कि.मी.) |
|---|---|---|---|
| A. | अम्बिकापुर (सरगुजा) | - | 5732 |
| B. | सूरजपूर | - | 2786.76 |
| C. | बस्तर | - | 6596.90 |
| D. | दंतेवाड़ा | - | 3410.50 |
| E. | रायपुर | - | 891.90 |

अतः स्पष्ट है कि उपर्युक्त जिलों में क्षेत्रफल के आधार पर सबसे बड़ा जिला बस्तर है।

**7. कोरिया जिले का जिला मुख्यालय इनमें से कहाँ है?**

(a) गरियाबंद (b) कोंडगाँव
(c) कवर्धा (d) बैकुंठपुर
(e) नारायणपुर

**CGPSC (ARO, APO, APRO) Exam-2014**

**Ans. (d) :** छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तर-पश्चिमी भाग में कोरिया जिले का प्रशासनिक मुख्यालय 'बैकुंठपुर' है।

**8. भारत का चौथा नियोजित नगर कहाँ बनेगा?**

(a) बिलासपुर (b) रायपुर
(c) भिलाई (d) दुर्ग
(e) राजनन्दगाँव

**CGPSC (ARO, APO, APRO) Exam-2014**

**Ans. (b) :** छत्तीसगढ़ राज्य की स्थाई राजधानी के रूप में विकसित किया जा रहा 'नया रायपुर' शहर, 'चंडीगढ़', 'गाँधीनगर', और 'भुवनेश्वर' के बाद देश का चौथा नियोजित शहर है। ये वर्तमान रायपुर शहर में 17 किमी. दक्षिण-पूर्व में स्थित है।

**9. छत्तीसगढ़ का राज्य पक्षी है ...................... ।**

(a) गरुड़ (b) पहाड़ी मैना
(c) कबूतर (d) हंस
(e) तोता

**CGPSC (ARO, APO, APRO) Exam-2014**
**CG Vyapam MDM Exam 2017**
**CG PSC (Regi. Deputy & Asst. Registror) Exam 2014**

**Ans. (b) :** छत्तीसगढ़ की राज्य पक्षी पहाड़ी मैना (ग्रैकुला रिलिजियोसा पेनिनसुलारिस) है। राज्य सरकार में 2002 में इसे राज्य पक्षी घोषित किया। उल्लेखनीय है कि ये इंसानों की तरह आवाज निकालने में माहिर है।

**10. छत्तीसगढ़ राज्य में नगरीय निकायों के योजनाबद्ध विकास हेतु कौन सा नियम है?**

(a) नगरपालिका निगम अधिनियम, 1956
(b) नगरपालिका निगम अधिनियम, 1961
(c) छत्तीसगढ़ नगर विकास निधि नियम 2003
(d) छत्तीसगढ़ गंदी बस्ती क्षेत्र (सुधार तथा निर्मलन) अधिनियम, 1976

**CGPSC (Ad. Planning Eco. & stati.) Exam-2019**

**Ans. (c) :** छत्तीसगढ़ राज्य में नगरीय निकायों का योजनाबद्ध विकास छत्तीसगढ़ नगर विकास निधि नियम 2003 के तहत किया गया। इस निधि के तहत दो प्रकार के खातों का रख-रखाव किया जाता है। यथा अवमूल्यन खाता एवं अवसंरचना खाता।

**11. छत्तीसगढ़ राज्य में कितने जिलों को पूर्णरूप से अनुसूचित क्षेत्र में शामिल किया गया है?**

(a) 12　　(b) 13
(c) 14　　(d) 15
(e) 16

**CG Vyapam (Boiler Inspector) Exam-2015**

**Ans. (b)** अनुसूचित क्षेत्र आर्डर (छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं झारखण्ड राज्य) 2003 के अन्तर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के 13 जिले पूर्णरूप से अनुसूचित क्षेत्र में शामिल किये गये हैं।

**12. राजनंदगाँव जिले के विभाजन से इनमें से कौन-सा जिला बना?**

(a) बिलासपुर जिला　　(b) रायपुर जिला
(c) बलोद जिला　　(d) नारायणपुर जिला
(e) कावर्धा जिला

**CGPSC (Granthpal) Exam-2013**

**Ans. (e)** 1 जुलाई, 1998 को राजनंदगाँव जिले के कुछ भू-भाग को अलग करके 'कबीरधाम' जिले का निर्माण किया गया। इसे 'कावर्धा' भी कहा जाता है।

**13. इनमें से किसे 'जनजातियों की भूमि' के नाम से भी जाना जाता है?**

(a) बस्तर　　(b) रायपुर
(c) जांजगीर　　(d) जाजपुर
(e) बीजापुर

**CGPSC (Granthpal) Exam-2013**

**Ans. (e)** छत्तीसगढ़ राज्य में जनजातियों का सर्वाधिक प्रतिशत बीजापुर जिले में (80 प्रतिशत लगभग) है। यही कारण है कि बीजापुर को जनजातियों की भूमि कहा जाता है।

**14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।**

**1. छत्तीसगढ़ राज्य का भौगोलिक क्षेत्रफल लगभग 1.38 लाख वर्ग किलोमीटर है।**
**2. सबसे बड़ा जिला राजनांदगाँव है।**
**3. नया बना संभाग दुर्ग है।**
**4. सबसे कम तहसील वाला जिला बीजापुर है।**
**सही उत्तर चुनिए।**

(a) 1, 2 4 सही है।　　(b) केवल 1 एवं 3 सही है।
(c) केवल 2 एवं 4 सही है।　　(d) 1, 2, 3 सही है।
(e) 2, 3, 4 सही है।

**CGPSC Principal (Verg-2) Exam-2016**

**Ans.(d):** छत्तीसगढ़ 135,194 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल के साथ भारत का 10वाँ बड़ा राज्य है। अतः कथन 1 असत्य है। राजनांदगाँव का क्षेत्रफल 8022.55 वर्ग किमी. है जो कि छत्तीसगढ़ राज्य के जिलों में सर्वाधिक है, अतः कथन 2 सत्य है। वर्ष 2014 में दुर्ग को राज्य के 5वें संभाग के रूप में मान्यता प्रदान की गयी। अतः तीसरा कथन भी सत्य है; जबकि चतुर्थ कथन असत्य है क्योंकि राज्य का सबसे कम तहसील वाला जिला 'गौरेल-पेण्ड्रा, मरवाही है। क्योंकि प्रथम कथन में 1.38 लाख वर्ग किमी. लगभग का प्रयोग किया गया है, अतः अभीष्ट उत्तर (d) होगा।

**15. छत्तीसगढ़ राज्य में विकास खंडों की संख्या है–**

(a) 164　　(b) 149
(c) 146　　(d) 194
(e) इनमें से कोई नहीं

**CGPSC (Various Post Grade-3 Exam-2015) 2018**

**Ans.(c):** छत्तीसगढ़ राज्य में कुल 146 विकासखण्ड हैं, इनमें से 85 आदिवासी विकास खंड है।

**16. वर्तमान में छत्तीसगढ़ में जिलों की कुल संख्या है:**

(a) 18　　(b) 27
(c) 16　　(d) 19
(e) 20

**CGPSC (Registrar, Deputy & Asst. Reg.) Exam-2014**
**CGPSC (Pre) 2011**
**CGPSC (SEE) Exam 2016**
**CG Vyapam KADI-I 2019**
**CG Vyapam (Sahayak Pariyojana Kshetrapal) Exam 2022**

**Ans.** (b) प्रश्नकाल में छत्तीसगढ़ राज्य में 27 जिले थे परन्तु वर्तमान में 2020 में 1 एवं 2022 में 5 नए जिले बनाए जाने के उपरान्त राज्य में जिलों की संख्या 33 हो गयी है।

**17. छत्तीसगढ़ के पहले राज्यपाल कौन थे?**

(a) दिनेश नंदन सहाय　　(b) अरुण कुमार
(c) रमन सिंह　　(d) ई.एल. नरसिंहन
(e) डॉ खूब चंद बघेल

**CGPSC (Registrar, Deputy & Asst. Reg.) Exam-2014**

**Ans.** (a) दिनेश नंदन सहाय को छत्तीसगढ़ का पहला राज्यपाल नियुक्त किया गया था। इनका कार्यकाल 1 नवम्बर, 2000 से 1 जून, 2003 तक था। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन हैं।

**18. छत्तीसगढ़ का राजकीय पशु निम्नलिखित में से कौन है?**

(a) जंगली शेर　　(b) जंगली खरगोश
(c) जंगली साँप　　(d) जंगली भैंस
(e) जंगली हाथी

**CGPSC (Registrar, Deputy & Asst. Reg.) Exam-2014**
**CSPHCL Exam 21/08/2019**
**CG PSC (Pre) Exam 2013**
**CGPSC ACF Exam 2008**

**Ans.** (d) वन भैंस/जंगली भैंस (Bubdus Bubalis) छत्तीसगढ़ राज्य का राजकीय पशु है। यह वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 के तहत सूचीबद्ध है। यह IUCN की रेड लिस्ट में लुप्तप्राय के रूप में वर्गीकृत हैं।

**19. छत्तीसगढ़ भारत का _____ राज्य हैः**

(a) 23rd (b) 24th
(c) 25th (d) 26th
(e) 27th

**CGPSC (Registrar, Deputy & Asst. Reg.) Exam-2014**
**CGVyapam VAJA Exam 2022**

**Ans.** (d) 1 नवम्बर, 2000 को मध्य प्रदेश के 16 जिलों को अलग करके छत्तीसगढ़ का गठन भारत के 26वें राज्य के रूप में किया गया था।

**20. ________ छत्तीसगढ़ राज्य से पहले मुख्यमंत्री थे।**

(a) हेमचंद यादव (b) अमर अग्रवाल
(c) रमन सिंह (d) अजीत जोगी
(e) राजेश मुनात

**CGPSC (Registrar, Deputy & Asst. Reg.) Exam-2014**

**Ans.** (d) मध्य प्रदेश के विभाजन के बाद 1 नवम्बर, 2000 को बने छत्तीसगढ़ राज्य के पहले मुख्यमंत्री अजीत जोगी थे। इन्होंने अपने कैरियर की शुरुआत आईएएस ऑफिसर के तौर पर की थी।

**21. छत्तीसगढ़ के प्रथम पुलिस महानिदेशक कौन थे?**

(a) संजय कुमार (b) अशोक प्रसाद
(c) राजीव कुमार (d) राजेंद्र प्रसाद
(e) एसएम शुक्ला

**CGPSC (Registrar, Deputy & Asst. Reg.) Exam-2014**

**Ans.** (e) छत्तीसगढ़ के प्रथम पुलिस महानिदेशक श्री मोहन शुक्ला थे। राज्य के वर्तमान पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा हैं।

**22. निम्न में से क्या बस्तर संभाग से संबंधित नहीं है?**

(a) रहस (b) गेंड़ी
(c) भतरानाट (d) माओपाटा

**CGPSC (CMO) Exam-2019**

**Ans. (b) :** 'गेंड़ी', 'भतरानाट' एवं 'माओपाटा' छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर संभाग के क्षेत्रों में होने वाले आदिवासी लोक नाट्य एवं लोकनृत्य हैं जबकि 'रहस' लोकनृत्य राज्य के धमतरी जिले में किया जाता है। उल्लेखनीय है कि धमतरी जिला रायपुर संभाग के अंतर्गत आता है।

**23. छत्तीसगढ़ को लोकप्रिय रूप में क्या कहा जाता है?**

(a) भारत का मीठा कटोरा
(b) भारत का गेहूं का कटोरा
(c) भारत का चावल का कटोरा
(d) भारत का फलों का कटोरा

**CSPHCL Exam-21/08/2019**

**Ans. (c) :** छत्तीसगढ़ राज्य को धान का कटोरा/चावल का कटोरा भी कहा जाता है, क्योंकि अकेले छत्तीसगढ़ राज्य में धान की 20000 से अधिक किस्मों का उत्पादन होता है, जिनमें सबसे अधिक प्रसिद्ध धान की औषधीय किस्में हैं, जिनका इस्तेमाल कई बीमारियों के इलाज में होता है।

**24. एक जनजातीय पट्टी 'अबूझमाड़' का अधिकतम क्षेत्र इस राज्य के निम्नलिखित में से किस जिले में आता है?**

(a) दन्तेवाड़ा (b) सुकमा
(c) नारायणपुर (d) कोंडागांव

**CG Vyapam (RFI) Exam- 2018**

**Ans. (c) :** अबूझमाड़ छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर संभाग के अन्तर्गत नारायणपुर जिले में स्थित है। यह अत्यंत दुर्गम इलाका है, जो छत्तीसगढ़ के चेरापूंजी के नाम से जाना जाता है।

**25. सूची I को सूची II से मिलान कीजिए और दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिएः**

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (A) सरगुजा | (i) बीजापुर |
| (B) बस्तर | (ii) कोरबा |
| (C) बिलासपुर | (iii) सूरजपुर |
| (D) दुर्ग | (iv) कवर्धा |

**कूट :**

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (b) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (c) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (d) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |

**CG Vyapam Tracer (CTC) Exam- 2018**

**Ans. (c) :** सही सुमेलन इस प्रकार है-

| छत्तीसगढ़ के संभाग | | जिले |
|---|---|---|
| सरगुजा | - | सूरजपुर |
| बस्तर | - | बीजापुर |
| बिलासपुर | - | कोरबा |
| दुर्ग | - | कवर्धा |

**26. दुर्ग को कब जिला बनाया गया ?**

(a) 1906 (b) 1956
(c) 1862 (d) 1973

**CG Vyapam Tracer (CTC) Exam- 2018**

**Ans. (a) :** दुर्ग जिले का गठन 1 जनवरी, 1906 को रायपुर और बिलासपुर के कुछ क्षेत्रों को मिलाकर किया गया था। उस समय, वर्तमान के राजनांदगाँव और कबीरदास जिले भी दुर्ग जिले का हिस्सा थे।

**27. इस राज्य का क्षेत्रफल लगभग-**

(a) 135000 वर्ग कि.मा (b) 140000 वर्ग कि.मी.
(c) 145000 वर्ग कि.मी. (d) 130000 वर्ग कि.मी.

**CG Vyapam (ETOS) Exam- 2017**
**CGPSC ACF Exam 2003**

**Ans. (a) :** छत्तीसगढ़ 135,194 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल के साथ भारत का 10वाँ बड़ा राज्य है। राज्य की जनसंख्या 2.55 करोड़ है, इस प्रकार जनसंख्या की दृष्टि से छत्तीसगढ़ देश का 16वाँ बड़ा राज्य है।

**28. निम्नलिखत में से कौन सा जिला इस राज्य के उत्तरी भाग में नहीं है?**

(a) सरगुजा (b) बलरामपुर
(c) जशपुर (d) नारायणपुर

**CG Vyapam (ETOS) Exam- 2017**

**Ans. (d) :** सरगुजा छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तरी भाग में स्थित जिला है एवं बलरामपुर जिला भी राज्य के उत्तरी भाग में स्थित है। इसका निर्माण 17 जनवरी, 2012 को सरगुजा जिले से अलग करके किया गया था। जशपुर जिला छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तर-पूर्वी कोने में स्थित है। अतः ये तीनों जिले राज्य के उत्तरी क्षेत्र में अवस्थित हैं; जबकि नारायणपुर जिला राज्य के दक्षिण-पश्चिम में अवस्थित है।

**29. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन करें–**

| सूची–1 | सूची–2 |
|---|---|
| **(a) इस राज्य का शिमला** | **1. अम्बिकापुर** |
| **(b) साल जंगलों का द्वीप** | **2. लाफागढ़** |
| **(c) इस राज्य का प्रथम** | **3. मैनपाट** |
| **(d) इस राज्य का चित्तौड़गढ़** | **4. बस्तर** |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**CG Vyapam (RI) Exam- 2017**

**Ans. (c) :**

| **विशिष्ट नाम/उपनाम** | | **स्थान** |
|---|---|---|
| छत्तीसगढ़ राज्य का शिमला | - | सरगुजा स्थित मैनपाट को यहाँ बसे 1500 तिब्बती परिवारों के कारण इसे मिनी तिब्बत भी कहते हैं। |
| साल जंगलों का द्वीप | - | छत्तीसगढ़ के बस्तर को साल वन का द्वीप कहते हैं। |
| राज्य का चित्तौड़गढ़ | - | लाफागढ़ को छत्तीसगढ़ राज्य का चित्तौड़गढ़ कहा जाता है। |

**30. निम्नलिखित में से साहित्य में सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ नाम का प्रयोग करने वाले कौन हैं?**

(a) पं. सुन्दरलाल शर्मा (b) कवि दलराम
(c) बाबू रेवाराम (d) पं.माध्वराव सप्रे

**CG Vyapam (MACC) Exam- 2017**

**Ans. (b) :** सल्तनत काल में खैरागढ़ के राजा लक्ष्मीनिधि राय के काल में कवि दलराम राव ने 1494 ई. में अपने साहित्य में छत्तीसगढ़ नाम का सर्वप्रथम प्रयोग किया था।

**31. इस राज्य की अंतिम सीमा किस जिले से बनती है ?**

(a) सुकमा (b) कोंटा
(c) दंतेवाड़ा (d) बस्तर

**CG Vyapam (ECH) Exam- 2017**

**Ans. (a) :** छत्तीसगढ़ राज्य की अंतिम सीमा सुकमा जिले से बनती है। यह राज्य के दक्षिणतम भाग में अवस्थित है, जो उड़ीसा के मलकानगिरि के साथ सीमा बनाता है।

**32. इस राज्य का निम्नलिखित में से कौन-सा शहर चौराहों का नगर के नाम से जाना जाता है?**

(a) रायपुर (b) बिलासपुर
(c) अंबिकापुर (d) जगदलपुर

**CG Vyapam (CSPI) Exam- 2017**

**Ans. (d) :** छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर नगर में 300 से अधिक चौक एवं चौराहे हैं, इस कारण से इसे चौराहों का नगर भी कहा जाता है।

**33. निम्नलिखित में से कौन से पर्वत से छत्तीसगढ़ घिरा हुआ नहीं है?**

(a) मैकाल (b) सिहावा
(c) रामगिरि (d) महेन्द्रगिरि

**CG Vyapam (MDM) Exam- 2017**

**Ans. (d) :** मैकाल पर्वत, छत्तीसगढ़ में स्थित है। यह राज्य के राजनंदगाँव, कवर्धा, मुँगेली, बिलासपुर व पेंड्रामारवाही जिलों में विस्तृत है। जबकि सिहावा पर्वत छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में स्थित महानदी का उद्‌गम स्थल है तथा रामगिरि की पहाड़ी सरगुजा जिले में लक्ष्मणपुर से 12 मील दूर स्थित पहाड़ी है। उल्लेखनीय है कि महेन्द्रगिरि पर्वत उड़ीसा के गजपति जिले में परालाखेमुंडी में मौजूद है; इसका विस्तार छत्तीसगढ़ में नहीं है।

**34. छत्तीसगढ़ का बीजापुर जिला पहले कौन से जिले का एक हिस्सा था?**

(a) दंतेवाड़ा जिला (b) कोण्डागांव जिला
(c) बस्तर जिला (d) कांकेर जिला

**CG Vyapam (MDM) Exam- 2017**

**Ans. (a) :** बीजापुर छत्तीसगढ़ राज्य के दक्षिण भाग में स्थित जिला है। इसका निर्माण 1 मई, 2007 को किया गया। इससे पूर्व ये दंतेवाड़ा जिले का भाग था।

**35. निम्नलिखित राज्यों में से कौन से राज्य की सीमा छत्तीसगढ़ से जुड़ी हुई नहीं है?**

(a) मध्य प्रदेश (b) उत्तर प्रदेश
(c) आंध्र प्रदेश (d) महाराष्ट्र

**CG Vyapam (MDM) Exam- 2017**

**Ans. (*) :** छत्तीसगढ़ राज्य की सीमायें उत्तर-पश्चिम में मध्य प्रदेश, पश्चिम में महाराष्ट्र, दक्षिण में आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना, पूर्व में उड़ीसा, उत्तर-पूर्व में झारखण्ड और उत्तर में उत्तर प्रदेश को स्पर्श करती हैं। उपर्युक्त सभी राज्यों की सीमायें छत्तीसगढ़ से मिलती हैं। अतः कोई भी विकल्प सही नहीं है।

**36. क्षेत्रीय राजनीतिक दल 'छत्तीसगढ़ जनता पार्टी' किसके द्वारा स्थापित किया गया था?**

(a) अजीत जोगी (b) रमन सिंह
(c) अजय चंद्राकर (d) टी. एस. सिंह. देव

**CG Vyapam (MDM) Exam- 2017**

**Ans. (a) :** छत्तीसगढ़ जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ राज्य का क्षेत्रीय राजनैतिक दल है। इसकी स्थापना 23 जून, 2016 को राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत योगी द्वारा की गई थी।

**37. क्षेत्रफल की दृष्टि से छ. ग. का सबसे बड़ा जिला कौन-सा है?**

(a) रायपुर (b) नारायणपुर
(c) सरगुजा (d) सुकमा

**CG Vyapam (MDM) Exam- 2017**

**Ans. (c) :**

| जिला | | क्षेत्रफल ( वर्ग किमी. ) |
|---|---|---|
| रायपुर | - | 12,383 |
| नारायणपुर | - | 7,010 |
| सरगुजा | - | 16,359 |
| सुकमा | - | 5,636 |

**38. मध्य प्रदेश की किस दिशा की ओर यह राज्य स्थित है-**

(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण पूर्व
(c) उत्तर-पश्चिम (d) दक्षिण-पश्चिम

**CG Vyapam (ADEO) Exam- 2017**

**Ans. (b) :** छत्तीसगढ़ राज्य मध्य प्रदेश के दक्षिण-पूर्व में अवस्थित है, जबकि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के उत्तर-पश्चिम में अवस्थित है।

**39. इस राज्य के निम्न में से किस संभाग में जिलों की संख्या 5 है?**

(a) दुर्ग (b) रायपुर
(c) बिलासपुर (d) उपरोक्त सभी

**CG Vyapam (SDAG) Exam- 2016**

**Ans. (c) :** छत्तीसगढ़ राज्य में 5 संभाग तथा 33 जिले हैं-

| संभाग | | जिलों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. बस्तर | - | 7 जिले |
| 2. दुर्ग | - | 7 जिले |
| 3. रायपुर | - | 5 जिले- धमतरी, गरियाबंद, बलौदा बाजार, भाटापाराद्ध रायपुर |
| 4. बिलासपुर | - | 8 जिले |
| 5. सरगुजा | - | 6 जिले |

**40. जैव भौगोलिक दृष्टि से यह राज्य किस में शामिल है?**

(a) हिमालय जैव क्षेत्र (b) उत्तर–पूर्वीय जैव क्षेत्र
(c) भूमध्यसागरीय जैव क्षेत्र (d) डेकन जैव क्षेत्र

**CG Vyapam (ECH) Exam- 2016**

**Ans. (d) :** प्रायद्वीपीय छत्तीसगढ़ जैव भौगोलिक-दृष्टि से दक्कन जैव क्षेत्र में स्थित है। भारत का अधिकांश भू-भाग प्रायद्वीपीय पठार/दक्कन के पठार के अन्तर्गत आता है। यह पठार भारत के 14 राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में आंशिक/पूर्णतः विस्तृत है।

**41. इस राज्य के राजकीय पशु वन भैंसा की क्लोन प्रतिकृति का नाम क्या है, जो उदंती अभ्यारण्य में है?**

(a) महिमा (b) गरिमा
(c) दीपाशा (d) गंगा

**CG Vyapam (ECH) Exam- 2016**

**Ans. (c) :** राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (NDRI) करनाल (हरियाणा) के द्वारा छत्तीसगढ़ के राज्य पशु जंगली भैंस का सफलतापूर्वक क्लोन तैयार किया। जनवरी, 2014 में 'हैंडगाइडेड क्लोनिंग तकनीक' द्वारा तैयार किये गई इस मादा क्लोन का नाम 'दीपाशा' रखा गया। इसे छत्तीसगढ़ के उदंती वन्यजीव अभ्यारण्य में रखा गया है।

**42. इस राज्य के बस्तर संभाग में सम्मिलित जिलों की संख्या निम्नलिखित में से कितनी है?**

(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8

**CG Vyapam (ECH) Exam- 2016**

**Ans. (c) :** बस्तर संभाग मध्य भारत में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रशासनिक संभाग है। इस संभाग में दक्षिणी छत्तीसगढ़ के सात जिले यथा-कांकेर, कोंडागाँव, बस्तर, नारायणपुर, दांतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा शामिल हैं।

**43. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी राज्य एवं महाराष्ट्र राज्य के मध्य सीमा बनाती है?**

(a) शबरी (b) नारंगी
(c) बाघ (d) कोटरी

**CG Vyapam (ECH) Exam- 2016**

**Ans. (c) :** बाघ नदी का उद्गम राजनांदगाँव में स्थित पठार से हुआ है। यह छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के मध्य सीमा बनाती है।

**44. इस राज्य का शिमला किसे कहा जाता है ?**

(a) मैन पाट (b) जशपुर पाट
(c) जारंग पाट (d) सामरी पाट

**CG Vyapam (LOI) Exam- 2015**

**Ans. (a) :** मैनपाट, छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में 1085 मीटर की ऊँचाई पर विंध्य पर्वतमाला में स्थित एक हिल स्टेशन है। इसे छत्तीसगढ़ राज्य का शिमला कहा जाता है।

**45. ''भारत का धान का कटोरा'' किस राज्य को कहते हैं?**

(a) छत्तीसगढ़ (b) झारखण्ड
(c) उड़ीसा (d) गुजरात

**CG Vyapam (LOI) Exam- 2015**

**Ans. (a) :** छत्तीसगढ़ राज्य में धान की 20000 से अधिक किस्मों का उत्पादन किया जाता है, जिनमें सबसे अधिक प्रसिद्ध धान की औषधीय किस्में हैं। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ को धान/चावल का कटोरा कहा जाता है।

**46. 2000 में कौन-कौन से 3 राज्य बनें ?**

(a) छत्तीसगढ़, झारखण्ड उत्तराखण्ड
(b) छत्तीसगढ़, उड़ीसा, म.प्र.
(c) कर्नाटक, केरल, छत्तीसगढ़
(d) छत्तीसगढ़, झारखण्ड, बिहार

**CG Vyapam (LOI) Exam- 2015**

**Ans. (a) :** नवम्बर, 2000 को भारत में तीन नए राज्य यथा छत्तीसगढ़ 1 नवम्बर, 2000 को 26वें, 9 नवम्बर, 2000 को उत्तराखण्ड 27वें एवं 15 नवम्बर, 2000 को झारखण्ड भारत के 28वें राज्य के तौर पर गठित किया गया।

**47. इस राज्य के मानचित्र निम्नलिखित में से किसके समान है?**

(a) हाथी (b) बैल
(c) भैंस (d) समुद्री घोड़ा

**CG Vyapam (RIRE) Exam- 2015**

**Ans. (d) :** भारत के मानचित्र में छत्तीसगढ़ को देखते हैं तो इसकी संरचना समुद्री घोड़ा (Hippocampus) के समान दिखती है।

**48. क्षेत्रफल के अनुसार इस राज्य का देश में कौन-सा स्थान है?**

(a) 9 वाँ (b) 17 वाँ
(c) 14 वाँ (d) 12 वाँ

**CG Vyapam (WHTA) Exam- 2015**
**CG VYAPAM (KADI-I) Exam-2019**

**Ans. (a) :** छत्तीसगढ़ राज्य का कुल क्षेत्रफल लगभग 1.35 लाख वर्ग किमी. है। क्षेत्रफल के आधार पर यह देश का 9वाँ और जनसंख्या के आधार पर देश का 16वाँ बड़ा राज्य है। उल्लेखनीय है। कि राजस्थान क्षेत्रफल के आधार पर देश का सबसे बड़ा राज्य है। जबकि गोवा 3702 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल के साथ देश सबसे छोटा राज्य है। तमिलनाडु 1.30 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल का 10वाँ बड़ा राज्य है।

**49. उन जिलों का चयन करें, जहां नारी निकेतन संचालित हैं।**

(a) महासमुंद, दुर्ग राजनांदगांव
(b) रायपुर, सरगुजा, दंतेवाड़ा
(c) बिलासपुर, कोरबा, मुंगेली
(d) बस्तर, रायगढ़, जशपुर

**CG VYAPAM (MBS-II) Exam-2023**

**Ans. (b) :** अनाथ, विधवा, निराश्रित, तिरस्कृत, परित्यक्ता महिलाओं को आश्रय व सहारा प्रदान करने तथा उनके निःशुल्क परिपालन व पुनर्वास के लिए छत्तीसगढ़ राज्य में तीन नारी निकेतनों का संचालन किया जा रहा है। ये नारी निकेतन रायपुर, अम्बिकापुर एवं दंतेवाड़ा में संचालित हैं। उल्लेखनीय है कि अम्बिकापुर, सरगुजा जिले का मुख्यालय है।

**50. छत्तीसगढ़ के कितने जिलों में वन स्टॉप सेंटर संचालित है?**

(a) 33 (b) 28
(c) 27 (d) 25

**CG VYAPAM (MBS-I) Exam-2023**

**Ans. (c) :** छत्तीसगढ़ के 27 जिलों में वन स्टॉप सेंटर संचालित है। सखी (वन स्टॉप सेंटर) का उद्देश्य पीड़ित व संकटग्रस्त, जरूरतमंद महिला को एक ही छत के नीचे उनकी आवश्यकतानुसार चिकित्सा, विधिक सहायता, मनोवैज्ञानिक सलाह, पुलिस सहायता, अस्थायी आश्रय, मानसिक चिकित्सा, परामर्श सुविधा/सहायता तत्काल उपलब्ध कराना है। इसके अन्तर्गत संकटग्रस्त/पीड़ित वे सभी महिलाएँ जिन्हें सहायता की आवश्यकता है/पात्र हैं।

**51. छत्तीसगढ़ की सबसे लंबी सीमा को छूने वाला राज्य है–**

(a) ओडिशा (b) आन्ध्र प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश (d) झारखण्ड

**CG VYAPAM (LOI) Exam-2023**

**Ans. (a) :** छत्तीसगढ़ की सबसे लम्बी सीमा ओडिशा राज्य में लगती है जबकि आंध्र प्रदेश से सबसे कम, ओडिशा और मध्य प्रदेश से राज्य 9-9 जिलों की सीमा लगती है।

**52. छत्तीसगढ़ में कुल कितने आकाशवाणी केन्द्र हैं?**

(a) तीन (b) चार
(c) पाँच (d) छः

**CG VYAPAM LVAM Exam-2023 (Shift-2)**

**Ans. (d) :** वर्तमान में राज्य में कुल 6 आकाशवाणी केन्द्र हैं–

1. रायपुर (1963)
2. अंबिकापुर (1976)
3. जगदलपुर (1977)
4. बिलासपुर (1991)
5. रायगढ़ (1992)
6. सरायपाली

**53. छत्तीसगढ़ का सीमावर्ती राज्य जो नक्सल प्रभावित नहीं है-**

(a) उड़ीसा (b) उत्तर प्रदेश
(c) महाराष्ट्र (d) तमिलनाडु

**CG VYAPAM SI (Main Exam) Paper-I (Language-2023)**

**Ans. (b) :** छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्यों आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा और झारखण्ड में नक्सल प्रभाव विस्तृत स्तर पर है। जबकि उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ का एक ऐसा पड़ोसी राज्य है, जहाँ पर नक्सल प्रभावित क्षेत्र न के बराबर है। उल्लेखनीय है कि 'सलवा जुडूम' एक नक्सल विरोधी कार्यक्रम है जो छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ का सीमावर्ती राज्य नहीं है।

**54. छत्तीसगढ़ राज्य में कितने पुलिस थाने हैं?**

(a) 284 (b) 428
(c) 480 (d) 824

**CG VYAPAM SI (Main Exam) Paper-I (Language-2023)**

**Ans. (b) :** छत्तीसगढ़ राज्य को पाँच पुलिस रेंजों में विभाजित किया गया है। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर। स्वीकृत पुलिस स्टेशनों की संख्या नवम्बर, 2000 के 298 से बढ़कर जून, 2016 में 428 हो गई है।

**55. ''हुलकी पाटा'' किस संभाग में गाते हैं?**

(a) सरगुजा (b) बस्तर
(c) बिलासपुर (d) रायपुर
(e) इनमें से कोई नहीं

**CGPSC ACF Exam 2017**

**Ans. (b) :** 'हुलकी पाटा' गीत छत्तीसगढ़ में मुरिया/मुड़िया जनजाति के द्वारा गाया जाने वाला पारम्परिक गीत है। बस्तर संभाग के आदिवासियों के प्रचलित इस गीत में गीत के साथ गीत गाया जाता है, जिसे हुलकी गीत कहते हैं। इस नृत्य में युवक-युवतियों दोनों हिस्सा लेते हैं।

**56. सूची I को सूची II से मिलाइए और निम्न कूट से सही उत्तर चुनिए।**

| सूची I ( संभाग ) | | सूची I ( जिला ) | |
|---|---|---|---|
| A | सरगुजा | I | बेमेतरा |
| B | बिलासपुर | II | गरियाबंद |
| C | दुर्ग | III | कोरबा |
| D | बस्तर | IV | सूरजपुर |
| E | रायपुर | V | नारायणपुर |

**कूट :**

| | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| (a) | II | IV | III | V | I |
| (b) | IV | II | II | V | I |
| (c) | IV | III | I | V | II |
| (d) | III | I | IV | II | V |
| (e) | III | IV | V | II | I |

**CGPSC ACF Exam 2017**

**Ans. (c) :**

| छत्तीसगढ़ के संभाग | | संबंधित जिले |
|---|---|---|
| सरगुजा | - | सूरजपुर |
| बिलासपुर | - | कोरबा |
| दुर्ग | - | बेमेतरा |
| बस्तर | - | नारायणपुर |
| रायपुर | - | गरियाबंद |

**57. नया रायपुर में किस औद्योगिक पार्क की स्थापना की जा रही है?**

(a) इंजीनियरिंग पार्क
(b) मेगाफूड पार्क
(c) इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफक्चरिंग पार्क
(d) मैटल पार्क
(d) इनमें से कोई नहीं

**CGPSC ACF Exam 2017**

**Ans. (c) :** नया रायपुर के सेक्टर-22 में एक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग पार्क की स्थापना की जा रही है। 28.32 हेक्टेयर में विस्तृत यह पार्क इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण उद्योग के लिए एक विश्वस्तरीय पारिस्थितिकी तंत्र होगा।

**58. निम्नलिखित में से किस माह एवं वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम अस्तित्व में आया?**

(a) जनवरी, 2001 (b) फरवरी, 2001
(c) अक्टूबर, 2001 (d) नवंबर 2001
(e) इनमें से कोई नहीं

**CGPSC ACF Exam 2017**

**Ans. (e) :** मध्य प्रदेश, पुनर्गठन अधिनियम, 2000 के प्रावधानों के अन्तर्गत मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम को विभाजित कर छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-2/वन/2001 दिनाँक 30-04-2001 द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम का गठन किया गया। अतः (e) विकल्प इनमें से कोई नहीं सही होगा।

**59. निम्नलिखित में से कौन सा जिला, वर्ष 2012 में गठित जिलों में से नहीं है?**

(a) धमतरी (b) बेमेतरा
(c) बलौदाबाजार भाटापारा (d) गरियाबंद
(e) मुंगेली

**CGPSC (Pre) Exam-2013**

**Ans. (a) :** छत्तीसगढ़ सरकार ने 2012 में 9 जिलों का गठन किया था जो कि - सुकमा, कोंडागांव, गरियाबंद, बदौला बाजार, बालोद, बेमेतरा, मुंगेली, सूरजपुर और बलरामपुर है।
धमतरी जिले का गठन 6 जुलाई 1998 को रायपुर जिले से महासमुंद के साथ अलग करके किया गया। 1998 में गठित जिले कांकेर, जशपुर, कोरबा, जांजगीर-चाम्पा, महासमुंद, कबीरधाम हैं। 2007 में गठित जिले नारायणपुर व बीजापुर हैं।

**60. छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित समूहों में से किस समूह के जिलों की सीमा दूसरे राज्यों को स्पर्श नहीं करती?**

(a) सरगुजा, धमतरी, जांजगीर-चांपा, कोरबा
(b) दुर्ग, रायपुर, धमतरी, दन्तेवाड़ा
(c) कोरबा, रायपुर, दुर्ग, सरगुजा
(d) धमतरी, दुर्ग, रायपुर जांजगीर चांपा
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**CGPSC (Pre) Exam-2015-16**

**Ans. (c) :** छत्तीसगढ़ के सरगुजा, जांजगीर चांपा, दुर्ग, रायपुर, दन्तेवाड़ा, कोरबा की सीमाएं किसी अन्य राज्य से नहीं मिलती हैं जबकि धमतरी ओडिशा की सीमा पर है अतः प्रश्नगत विकल्प (C) सत्य है उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती राज्य मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आन्ध्र प्रदेश हैं।

**61. प्रदेश में सबसे कम अंतर्राज्यीय (Inter-state) सीमा वाला जिला है–**

(a) धमतरी (b) रायगढ़
(c) जशपुर (d) राजनांदगाँव
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**CGPSC (Pre) Exam-2015-16**

**Ans. (a) :** धमतरी जिला छत्तीसगढ़ का सबसे कम अंतर्राष्ट्रीय सीमा वाला जिला है। छत्तीसगढ़ के उत्तर में उत्तर प्रदेश, उत्तर-पश्चिम में मध्य प्रदेश, उत्तर-पूर्व में ओडिशा और झारखंड, दक्षिण में आंध्र प्रदेश तेलंगाना और पश्चिम में महाराष्ट्र अवस्थित है।

**62. छत्तीसगढ़ में अन्तर्राज्यीय सीमा पर स्थित जिलों की संख्या---- है ।**

(a) 18 (b) 16
(c) 27 (d) 07
(e) 11

**CGPSC (Pre) Exam-2017**

**Ans. (a) :** छत्तीसगढ़ में अन्तर्राज्यीय सीमा पर स्थित जिलों की संख्या 18 है। जो छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश, झारखण्ड, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, ओडिशा राज्यों से जुड़े हैं।

**63. छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को निम्न में से कौन-सा राज्य स्पर्श नहीं करता?**

(a) आंध्र प्रदेश (b) तेलंगाना
(c) झारखंड (d) बिहार

**CGPSC Asst. Professor Exam (AP)-2019**
**CGPSC (CMO) Exam 2010 Paper IInd**
**CGPSC MO, AG, (MRD) & DSP (Radio) Exam 2022**

**Ans. (d) :** उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**64. क्षेत्रफल की दृष्टि छत्तीसगढ़ का सबसे छोटा जिला कौन-सा है?**

(a) मुंगेली (b) दुर्ग
(c) रायपुर (d) धमतरी

**CGPSC Asst. Professor Exam (AP)-2019**

**Ans. (b) :** सही सुमेलन इस प्रकार है-

| जिला | | क्षेत्रफल ( वर्ग किमी. ) |
|---|---|---|
| 1. दुर्ग | - | 2298, |
| 2. मुंगेली | - | 2757 |
| 3. रायपुर | - | 2896 |
| 4. धमतरी | - | 4084 |

**नोट-** सक्ती वर्तमान में सबसे छोटा जिला है।

**65. किस संभाग में सबसे अधिक जिले हैं?**

(a) सरगुजा (b) बिलासपुर
(c) रायपुर (d) बस्तर

**CGPSC Asst. Professor Exam (AP)-2019**

**Ans. (d) :**

| सभांग | | जिलों की संख्या |
|---|---|---|
| बस्तर संभाल | – | 07 जिले |
| बिलासपुर संभाग | – | 06 जिले |
| सरगुजा, रायपुर तथा दुर्ग | – | 05 जिले |

**66. बिलासपुर जिले का स्थापना वर्ष है:**
(a) 1866 (b) 1826
(c) 1861 (d) 1871

**CGPSC (ITI)Principal Exam - 2011**

**Ans. (c) :** 1854 में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कम्पनी द्वारा बिलासपुर के अधिग्रहण के पश्चात 1861 में बिलासपुर जिले का गठन किया गया। उल्लेखनीय है कि 1867 में बिलासपुर अस्तित्व में आया।

**67. भारत सरकार के असाधारण राजपत्र भाग-II, अनुभाग-III, उप-अनुभाग-I, दिनांक 20 फरवरी, 2003 को छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित कितने जिलों को संपूर्ण अनुसूचित क्षेत्र परिभाषित किया गया है?**
(a) पाँच (b) छः
(c) सात (d) आठ

**CGPSC (AMO)Exam - 2022**

**Ans. (c) :** भारत सरकार के असाधारण राजपत्र भाग-II, अनुभाग-III, उप-अनुभाग-I, दिनांक 20 फरवरी, 2003 को छत्तीसगढ़ राज्य के 13 जिलों को अनुसूचित क्षेत्र जबकि सात जिलों यथा सरगुजा, कोरिया, बस्तर, दांतेवाड़ा, कांकेर, कोरबा और जशपुर को सम्पूर्ण अनुसूचित क्षेत्र के रूप में तथा बिलासपुर रायगढ़, दुर्ग, राजनंदगाँव एवं रायपुर जिले के कुछ क्षेत्रों को अनुसूचित क्षेत्र के रूप में परिभाषित किया गया है।

**68. एगेन्यू द्वारा छत्तीसगढ़ के परगनों का पुनर्गठन किया गया था। इस नई व्यवस्था के अंतर्गत रायपुर परगने में निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र नहीं था?**
(a) कोटा (b) तरेंगा
(c) लोरमी (d) सिमगा

**CGPSC (AMO)Exam - 2022**

**Ans. (c) :** छत्तीसगढ़ के द्वितीय ब्रिटिश अधीक्षक मि. एगन्यू द्वारा सूबेदार विट्ठल राव दिनकर द्वारा 27 परगनों में विभाजित छत्तीसगढ़ का पुनर्गठन करके 8 परगनों तक सीमित कर दिया गया। इनमें रायपुर परगना सबसे बड़ा परगना था। तरेंगा, सिमगा और कोटा क्षेत्र रायपुर परगने के अन्तर्गत आते थे।

**69. निम्नलिखित में से कौन-सा छत्तीसगढ़ राज्य की तहसीलों से कर्क रेखा गुजरने का पूर्व से पश्चिम सही क्रम है?**
(a) बलरामपुर, कुसमी, प्रतापपुर, ओडंगी, सोनहट, भरतपुर
(b) कुसमी, प्रतापपुर, बलरामपुर, सोनहट, भरतपुर, ओडगी
(c) कुसमी, बलरामपुर, ओडगी, प्रतापपुर, भरतपुर, सोनहट
(d) कुसमी, बलरामपुर, प्रतापपुर, ओडंगी, सोनहट, भरतपुर

**CGPSC (AMO)Exam - 2022**

**Ans. (a) :** कर्क रेखा छत्तीसगढ़ राज्य के तीन जिलों यथा बलरामपुर, सूरजपुर और कोरिया की बलरामपुर, कुसमी, प्रतापपुर, ओडंगी, सोनहट और भरतपुर तहसीलों से होकर गुजरती है।

**70. निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?**
(a) कमार विकास प्रकोष्ठ - नगरी
(b) बिरहोर विकास प्रकोष्ठ - धरमजयगढ़
(c) पंडो विकास प्रकोष्ठ - गरियाबंद
(d) कमार विकास प्रकोष्ठ - भानुप्रतापपुर

**CGPSC (AMO)Exam - 2022**

**Ans. (c) :** सुमेलन इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| कमार विकास प्रकोष्ठ | - | नगरी |
| बिरहोर विकास प्रकोष्ठ | - | धरमजयगढ़ |
| पंडो विकास प्रकोष्ठ | - | अम्बिकापुर |
| कमार विकास प्रकोष्ठ | - | भानुप्रतापपुर |

**71. कर्क रेखा की स्थिति के अनुसार छत्तीसगढ़ किस कटिबंध में स्थित है?**
(a) उष्ण कटिबंध एवं शीतोष्ण कटिबंध
(b) उष्ण कटिबंध
(c) शीतोष्ण कटिबंध
(d) शीतोष्ण एवं ध्रुवीय (शीत) कटिबंध

**CGPSC Asst. Geohydrologist, Geophysicist, Chemist 2019**

**Ans. (a) :** छत्तीसगढ़ का अक्षांशीय विस्तार 17º46' से 24º5' के मध्य है तथा कर्क रेखा (33½º N) राज्य के तीन जिलों कोरिया, सूरजपुर व बलरामपुर से गुजरती है। अतः उक्त से स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ आंशिक रूप से उष्ण कटिबंध में तथा आंशिक रूप से शीतोष्ण कटिबंध में स्थित है।

**72. छत्तीसगढ़ में औसतन अति निम्न ताप क्षेत्र स्थित है:**
(a) जशपुर क्षेत्र में (b) बलरामपुर क्षेत्र में
(c) कोरबा क्षेत्र में (d) चाम्पा क्षेत्र में

**CGPSC Asst. Geohydrologist, Geophysicist, Chemist 2019**

**Ans. (a) :** मैनपाट छत्तीसगढ़ में अति निम्न ताप क्षेत्र है, जो कि जशपुर पाट प्रदेश के अंतर्गत आता है।

**73. छत्तीसगढ़ का कुल क्षेत्रफल देश के कुल क्षेत्रफल का कितना प्रतिशत है?**
(a) 5.11% (b) 3.11%
(c) 4.11% (d) 2.11%

**CGPSC Asst. Geohydrologist, Geophysicist, Chemist 2019**

**Ans. (c) :** छत्तीसगढ़ का क्षेत्रफल देश के कुल क्षेत्रफल का 4.11% है जो सन् 2000 में मध्य प्रदेश के 30.47% भाग के साथ अलग हुआ।

**74. किस नदी को संस्कृत साहित्य में हिरण्यबाहु कहते हैं।**
(a) नर्मदा नदी (b) महानदी
(c) इन्द्रावती नदी (d) सोन नदी

**CGPSC (ARTO & TSI) Exam- 2022**

**Ans. (d) :** पौराणिक कथा के अनुसार नर्मदा और सोन को ब्रम्हा जी की दोनों आँखों की आंसुओं की दो बूँद मानते हैं, जो अमरकंटक श्रेणी के दोनों किनारों से निकलती है। संस्कृत साहित्य में सोन नदी को हिरण्यबाहु कहा गया है।

75. छत्तीसगढ़ में वर्ष 2017 में अधिकतम तापमान किस स्थान का था?

(a) चाम्पा (b) कोरबा
(c) रायगढ़ (d) बिलासपुर

**CGPSC (ARTO & TSI) Exam- 2022**

**Ans. (d) :** इंडियन मेटेरोलॉजिकल डिपार्टमेंट (IMD) के अनुसार– छत्तीसगढ़ में वर्ष 2017 में अधिकतम तापमान बिलासपुर (49.36) में था।

76. छत्तीसगढ़ राज्य के राजकीय चिह्न में क्या अंकित है?

(a) वन भैंसा (b) छत्तीसगढ़ का नक्शा
(c) राजिम मंदिर का शिखर (d) अशोक स्तम्भ

**CGPSC (SEE) Exam- 2021 Paper-Ist**

**Ans. (d) :** 4 सितम्बर, 2001 को छत्तीसगढ़ राज्य शासन में प्रतीक चिह्न को स्वीकृति कर तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया। यह चिह्न राज्य की विरासत, अपार सम्पदा और इसके उपयोग की अपार संभावनाओं को दर्शाता है। इसकी वृत्ताकार परिधि राज्य के विकास की निरंतरता को दर्शाती है। चिह्न के वाह्य वृत्त में राज्य के 36 किले वृत्त पर बाहर की ओर दर्शाती है, जिलों को हरा रंग दिया गया है। जो राज्य की समृद्धि वन सम्पदा एवं प्राकृतिक सुन्दरता को दर्शाता है। वृत्त के भीतर धान की बालियाँ यहाँ की कृषि पद्धति को दर्शाती हैं, विद्युत संकेत ऊर्जा क्षेत्र में सक्षमता व संभावनाओं को दर्शाती है; नीचे से ऊपर की ओर तीन लहराती रेखाएँ राज्य के समृद्ध जल संसाधन एवं नदियों को प्रदर्शित करती है; तिरंगे के तीन रंग छत्तीसगढ़ की राष्ट्र के प्रति एकजुटता को तथा मध्य में सारनाथ का अशोक स्तम्भ हैं जिसके चार सिंह एवं उसके नीचे 'सत्यमेव जयते' उक्ति राष्ट्र के प्रति सत्यनिष्ठा को दर्शाते हैं।

77. छत्तीसगढ़ किससे उद्भूत है?

(a) मागधी (b) अर्द्धमागधी
(c) शौरसैनी (d) महाराष्ट्री

**CGPSC (ADJE) Exam-2020**

**Ans. (b) : छत्तीसगढ़ का विकास –** वैदिक संस्कृत – लौकिक संस्कृत – पाली – प्राकृत – अपभ्रंश – अर्द्धमागधी – पूर्वी हिन्दी – छत्तीसगढ़।

78. वेदों में वर्णित बस्तर का नाम क्या है?

(a) दछिक दिक (b) ध्रुव दिक
(c) इन्द्र दिक (d) ब्रह्म दिक

**CGPSC (ADJE) Exam-2020**

**Ans. (a) :** वेदों में वर्णित बस्तर (दक्षिण छत्तीसगढ़) को दछिक दिक नाम से जाना जाता था, कालान्तर में यही दण्डकारण्य के नाम से जाना गया (रामायण काल में)।

79. मदकू द्वीप किस नदी पर स्थित है?

(a) खारून (b) दूध
(c) महानदी (d) शिवनाथ

**CGPSC (Registrar) Exam- 2021**

**Ans. (d) :** मदकू द्वीप हरियाली और शानदार झरनों से भरपूर प्राकृतिक सुन्दरता से सम्पन्न एक द्वीप है। ये बिलासपुर रेलवे स्टेशन से 33 किलोमीटर दूर स्थित शिवनाथ नदी के शांत जल पर स्थित है। यहाँ प्राचीन काल के मंदिरों के खंडहर, शिलालेख, सिक्के और मिट्टी के बर्तन पाए गए हैं।

80. छत्तीसगढ़ का चेरापूंजी किसे कहा जाता है?

(a) मैनपाट (b) सामरीपाट
(c) जशपुरपाट (d) अबूझमाड़

**CGPSC (Registrar) Exam- 2021**

**Ans. (d) :** अबूझमाड़ क्षेत्र को छत्तीसगढ़ का चेरापूँजी कहते हैं। यह छत्तीसगढ़ का ऐसा क्षेत्र है जहाँ पर सर्वाधिक वर्षा होती है। यह एक अत्यंत दुर्गम इलाका है।

81. क्षेत्रफल की दृष्टि से छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा जिला कौन-सा है?

(a) कोरिया (b) बिलासपुर
(c) राजनांदगांव (d) कोण्डगांव

**CGPSC (Registrar) Exam- 2021**

**Ans. (c) :**

| जिला | | क्षेत्रफल किमी.$^2$ |
|---|---|---|
| कोरिया | - | 2001.779 |
| बिलासपुर | - | 3475.61 |
| राजनांदगाँव | - | 8022.5 |
| कोण्डगाँव | - | 7768.0 |

अतः स्पष्ट है कि उपर्युक्त जिलों में क्षेत्रफल के आधार पर सबसे बड़ा जिला राजनांदगाँव है।

82. सूची-1 (छ.ग. के जिले) को सूची-2 (मुख्यालय) से सुमेलित कीजिए-

| सूची-1 | | सूची-2 | |
|---|---|---|---|
| A. | बस्तर | 1. | अंबिकापुर |
| B. | सरगुजा | 2. | कवर्धा |
| C. | कोरिया | 3. | जगदलपुर |
| D. | कबीरधाम | 4. | मनेन्द्रगढ़ |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**CGPSC (CMO) Exam- 2010 Paper IInd**

**Ans. (a) :**

| | सूची-1 | | सूची-2 |
|---|---|---|---|
| A. | बस्तर | - | जगदलपुर |
| B. | सरगुजा | - | अंबिकापुर |
| C. | कोरिया | - | मनेन्द्रगढ़/बैकुण्ठपुर |
| D. | कबीरधाम | - | कवर्धा |

उल्लेखनीय है कि कोरिया जिले का मुख्यालय बैकुण्ठपुर में है।

83. किनके नाम पर छत्तीसगढ़ विधानसभा का नामकरण किया गया है?

(a) पं. रविशंकर शुक्ला (b) पं. सुन्दरलाल शर्मा
(c) डॉ. खूबचंद बघेल (d) श्रीमती मिनीमाता

**CGPSC (ACF) Exam- 2008**

**Ans. (d) :** छत्तीसगढ़ के विधानसभा भवन का नामकरण मिनी माता के नाम पर किया गया है। मिनीमाता अगम दास गुरु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से पहली, दूसरी, तीसरी, चौथी और पांचवी लोकसभा में संसद निर्वाचित हुई। इन्होंने जातिवाद और अस्पृश्यता के साथ-साथ बाल-विवाह और दहेज प्रथा के विरुद्ध आवाज उठाई।

**84. छत्तीसगढ़ राज्य गठन के विधेयक पर भारत के राष्ट्रपति ने किस तिथि को हस्ताक्षर किये?**

(a) 31 जुलाई, 2000 (b) 09 जुलाई, 2000
(c) 25 अगस्त, 2000 (d) 28 अगस्त, 2000

**CGPSC (ACF) Exam- 2008**

**Ans. (c) :** 1 मई, 1998 को मध्य प्रदेश विधानसभा में छत्तीसगढ़ निर्माण के लिए शासकीय संकल्प पारित किया गया। 25 जुलाई, 2000 को तत्कालीन गृहमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी ने संसद में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण हेतु विधेयक पेश किया। जिसे 31 जुलाई को लोकसभा एवं 9 अगस्त को राज्यसभा द्वारा पारित कर दिया गया। इसके उपरान्त 25 अगस्त, 2000 को तत्कालीन राष्ट्रपति श्री के.आर. नारायणन द्वारा मध्य प्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी गई। इसके पश्चात 1 नवम्बर, 2000 को छत्तीसगढ़ भारत के 26वें राज्य के रूप में अस्तित्व में आया।

**85. निम्न में से कौन-सा राज्य छत्तीसगढ़ की सीमा को नहीं छूता है-**

(a) आन्ध्र प्रदेश (b) कर्नाटक
(c) उड़ीसा (d) मध्य प्रदेश

**CGPSC (ACF) Exam- 2003**

**Ans. (b) :** कर्नाटक राज्य, छत्तीसगढ़ के साथ सीमा साझा नहीं करता है जबकि ओडिशा-पूर्व, आंध्र प्रदेश-दक्षिण, मध्य प्रदेश-पश्चिम में छत्तीसगढ़ से सीमा साझा करते हैं।

**86. निम्न में से कौन-सा जिला छत्तीसगढ़ का नहीं है?**

(a) कांकेर (b) कवर्धा
(c) कोरबा (d) कालाहाण्डी

**CGPSC (ACF) Exam- 2003**

**Ans. (d) :** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में कांकेर जिला, दुर्ग संभाग में कवर्धा जिला एवं बिलासपुर संभाग के अन्तर्गत कोरबा जिला अवस्थित है। जबकि कालाहांडी, ओडिशा राज्य में स्थित जिला है। जिसका मुख्यालय भवानी पटना है।

**87. छत्तीसगढ़ राज्य का गठन मध्य प्रदेश से कितने जिले को किया गया था-**

(a) 15 (b) 16
(c) 18 (d) 20

**CGPSC (ACF) Exam- 2003**

**Ans. (b) :** छत्तीसगढ़ राज्य का गठन मध्य प्रदेश से 16 जिलों को काटकर किया गया था। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में वर्तमान में 33 जिले हैं।

**88. छत्तीसगढ़ राज्य का सर्वाधिक भौगोलिक क्षेत्र ........ ? अन्तर्गत आता है।**

(a) पहाड़ों के
(b) मैदानों और नदियों के बेसिन के
(c) पठारों के
(d) पाटों के

**CGPSC (Pre) Exam 2011**

**Ans. (c) :** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्थलाकृति की दृष्टि से विषम है। इसका मध्यवर्ती भाग मैदानी और शेष भाग पठारी है। अतः इसका सर्वाधिक भौगोलिक क्षेत्र पठारों के अन्तर्गत आता है। जबकि छत्तीसगढ़ का मैदान, महानदी बेसिन में लगभग 32000 वर्ग किमी. क्षेत्र में फैला है।

**89. सामान्यतः छत्तीसगढ़ राज्य का ढाल ...... दिशा की ओर है।**

(a) पश्चिम (b) दक्षिण
(c) उत्तर (d) पूर्व

**CGPSC (Pre) Exam 2011**

**Ans. (d) :** सामान्यतया छत्तीसगढ़ राज्य का ढ़ाल पूर्व दिशा की ओर झुका हुआ है।

**90. छत्तीसगढ़ राज्य के अधिकतम उत्तर से दक्षिण लंबाई किमी. के मध्य है?**

(a) 500-600 किमी. (b) 600-700 किमी.
(c) 400-500 किमी. (d) 700-800 किमी.

**CGPSC (Pre) Exam 2011**

**Ans. (d) :** छत्तीसगढ़ का कुल क्षेत्रफल लगभग 1,35,194 लाख वर्ग किमी. है। जो देश के क्षेत्रफल के 4.12 प्रतिशत के बराबर है। राज्य की उत्तर-दक्षिण में अधिकतम लम्बाई 600 से 700 किमी. के मध्य है। जबकि पूर्व-पश्चिम में लम्बाई लगभग 385 किमी. है।

**91. सरगुजा जनपद छत्तीसगढ़ राज्य के ......... में स्थित है।**

(a) उत्तर (b) पूर्व
(c) पश्चिम (d) दक्षिण

**CGPSC (Pre) Exam 2011**

**Ans. (a) :** सरगुजा जनपद छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तर में स्थित है ये प्रायद्वीपीय भारत के विंध्याचल एवं बघेलखण्ड क्षेत्रों के पूर्व में स्थित है। इसका जिला मुख्यालय अम्बिकापुर में है।

**92. निम्नलिखित में कौन-सा राज्य छ.ग. के उत्तर में है?**

(a) महाराष्ट्र (b) मध्य प्रदेश
(c) उत्तर प्रदेश (d) ओडिशा

**CGPSC (Pre) Exam 2011**

**Ans. (c) :** उत्तर प्रदेश राज्य छत्तीसगढ़ के उत्तर में स्थित है, जबकि महाराष्ट्र पश्चिम में, मध्य प्रदेश उत्तर-पश्चिम में एवं उड़ीसा पूर्व में अवस्थित है।

**93. छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला जनपद कौन-सा है?**

(a) कोरबा (b) बस्तर
(c) दंतेवाड़ा (d) रायपुर

**CGPSC (Pre) Exam 2011**

**Ans. (a) :** सही सुमेलन इस प्रकार है-

| **जनपद** | | **क्षेत्रफल ( वर्ग किमी. में )** |
|---|---|---|
| कोरबा | - | 7145.4 |
| बस्तर | - | 6596.90 |
| दंतेवाड़ा | - | 3410.50 |
| रायपुर | - | 2891.98 |

अतः उपर्युक्त जनपदों में कोरबा सबसे बड़ा जनपद है।

**94. छ.ग. के निम्नलिखित जनपदों में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा है?**

(a) दंतेवाड़ा (b) कवर्धा
(c) रायपुर (d) दुर्ग

**CGPSC (Pre) Exam 2011**

**Ans. (a) :**

| जनपद | | क्षेत्रफल ( वर्ग किलोमीटर में ) |
|---|---|---|
| दुर्ग | - | 2718.62 |
| रायपुर | - | 2891.98 |
| दंतेवाड़ा | - | 3410.50 |
| कवर्धा | - | 4447.05 |

अतः उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि इन जनपदों में क्षेत्रफल के आधार पर दुर्ग सबसे छोटा जनपद है।

**95. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर छत्तीसगढ़ में एक जिला नहीं है–**

(a) नारायणपुर (b) बलरामपुर
(c) कोरबा (d) कोन्टा
(e) सूरजपुर

**CGPSC (SEE) Exam-2014 Paper Ist**

**Ans. (d) :** कोन्टा जिला नहीं है बल्कि सुकमा जिले का एक विकास खण्ड है। वहीं नारायणपुर-बस्तर संभाग, बलरामपुर व सूरजपुर-सरगुजा संभाग एवं कोरबा-बिलासपुर संभाग के जिले हैं।

**96. छत्तीसगढ़ के नामकरण का प्रचलन छत्तीस _____ के आधार पर है।**

(a) जातियों (b) किलों
(c) बोलियों (d) रीति-रिवाजों

**CGPSC (Asst. Dir. Jansampark) Exam-2018**

**Ans. (b) :** छत्तीसगढ़ का नामकरण यहाँ ऐतिहासिक काल में अवस्थित 36 प्राचीन गढ़ों अथवा किलों के आधार पर पड़ा।

**97. भोंगापाल पुरातात्विक स्थल किस जिले में स्थित है?**

(a) दन्तेवाड़ा (b) नारायणपुर
(c) कोण्डागांव (d) बस्तर

**CGPSC (Asst. Dir. Jansampark) Exam-2018**

**Ans. (c) :** भोंगापाल का प्राचीन पुरास्थल छत्तीसगढ़ के कोंडागाँव जिले के फरसगाँव ब्लॉक में स्थित है।

**98. छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला जनपद कौन-सा है?**

(a) कोरबा (b) बस्तर
(c) दन्तेवाड़ा (d) रायपुर

**CGPSC (Pre) Exam-2010-11**

**Ans. (b) :** छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला जनपद बस्तर है। बस्तर छत्तीसगढ़ का औद्योगिक क्षेत्र भी है। यहाँ पर निम्न खनिज पदार्थ पाए जाते हैं – लौह अयस्क, सिलेमिनाइट, टिन, कोरंडम, एंडेलूसाइट व डोलोमाइट।

**99. छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित जनपदों में क्षेत्रफल की दृष्टि से कौन सबसे छोटा है?**

(a) दन्तेवाड़ा (b) कावर्धा
(c) रायपुर (d) दुर्ग

**CGPSC (Pre) Exam-2010-11**

**Ans. (d) :** छत्तीसगढ़ राज्य में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा जनपद दुर्ग है। दिये गये विकल्प में तत्पश्चात रायपुर, दन्तेवाड़ा तथा कवर्धा है।

**100. छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित किन जिलों की सीमा दूसरे राज्यों को स्पर्श नहीं करती?**

(a) सरगुजा, बेमेतरा जांजगीर-चाम्पा, धमतरी
(b) बालोद, बेमेतरा, कोरबा, जांजगीर-चाम्पा
(c) जशपुर, रायपुर, दन्तेवाड़ा, दुर्ग
(d) सूरजपुर, राजनांदगाँव, बीजापुर, महासमुंद
(e) राजनांदगाँव, रायपुर, बस्तर, बीजापुर

**CGPSC (Pre) Exam-2012**

**Ans. (b) :** छत्तीसगढ़ राज्य के बालोद, बेमेतरा, कोरबा और जांजगीर चाम्पा आदि जिलों की सीमाएं दूसरे राज्यों को स्पर्श नहीं करती हैं। ये सभी जिले राज्य के भीतरी भागों में स्थित हैं।

**101. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी सुमेलित नहीं है? (छत्तीसगढ़ के संरक्षित स्मारक एवं जिले)**

(a) कर्णेश्वर महादेव मंदिर समूह – धमतरी
(b) सिद्धेश्वर मंदिर – बलौदाबाजार भाटापारा
(c) फणिकेश्वरनाथ महादेव मंदिर – गरियाबंद
(d) कपिलेश्वर मंदिर समूह – बालोद
(e) लक्ष्मणेश्वर मंदिर – मुंगेली

**CGPSC (Pre) Exam-2012**

**Ans. (e) :** बालोद - इस स्थान पर कपिलेश्वर मंदिर समूह तथा सती चौतरों की संख्या काफी अधिक है। धमतरी - कर्णेश्वर महादेव का मंदिर स्थापित है। बलौदाबाजार भाटापारा में सिद्धेश्वर मंदिर अवस्थित है। फणिकेश्वर नाथ महादेव मंदिर गरियाबंद में स्थित है। लक्ष्मणेश्वर मंदिर - मुंगेली में नहीं है।

**102. छत्तीसगढ़ में निम्नलिखित में से कौन-सा जिला मुख्यालय नहीं है?**

(a) बलौदाबाजार (b) जशपुर
(c) कांकेर (d) बालौद
(e) बस्तर

**CGPSC (Pre) Exam-2012**

**Ans. (e) :** दिये गये जिलों में बस्तर जिला मुख्यालय नहीं है, बल्कि बस्तर जिले का मुख्यालय जगदलपुर में है। बस्तर जिले की स्थापना वर्ष 1948 में की गयी। कांकेर-उत्तर बस्तर कांकेर का जिला मुख्यालय है। बलौदाबाजार-बलौदा बाजार भाटापारा का जिला मुख्यालय है।

**103. छत्तीसगढ़ राज्य के विधान सभा का प्रथम सत्र कब सम्पन्न हुआ था?**

(a) 5 नवम्बर, 2000 से 9 नवम्बर, 2000
(b) 1 दिसम्बर, 2000 से 19 दिसम्बर, 2000
(c) 14 दिसम्बर, 2000 से 19 दिसम्बर, 2000
(d) 17 दिसम्बर, 2000 से 24 दिसम्बर, 2000
(e) 26 दिसम्बर, 2000 से 31 दिसम्बर, 2000

**CGPSC (Pre) Exam-2012**

**Ans. (c) :** छत्तीसगढ़ राज्य के विधान सभा का प्रथम सत्र 14 दिसम्बर, 2000 से 19 दिसम्बर, 2000 के मध्य सम्पन्न हुआ। मध्य प्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य 1 नवम्बर, 2000 को अस्तित्व में आया। राजधानी और विधान सभा भवन रायपुर शहर में स्थापित है।

# 02.

# छत्तीसगढ़ : इतिहास

**1. कवर्धा रियासत के संस्थापक किस राजा को माना जाता है?**

(a) राजा महाबली सिंह (b) राजा रघु जी
(c) राजा बहादुर सिंह (d) राजा धर्मराज सिंह

**CG VYAPAM (ESC) Exam-2022**

**Ans. (a) :** कवर्धा रियासत की स्थापना राजा महाबली सिंह ने की, इनके वंश का नाम 'राजगोंड़ वंश था, जनवरी,1948 में छत्तीसगढ़ की अन्य रियासतों के साथ इसका भी भारतीय संघ में विलय हो गया। विलय के समय यहाँ के शासक धर्मराज सिंह थे।

**2. नहर सत्याग्रह के लिए प्रसिद्ध स्थल कंडेल वर्तमान में किस जिले में है?**

(a) महासमुंद (b) धमतरी
(c) गरियाबंद (d) रायपुर

**CGPSC (SEE) Exam- 2021 Paper-Ist**

**Ans. (b) :** महात्मा गाँधी के द्वारा 1920 में शुरू किये गये असहयोग आन्दोलन से प्रेरणा लेकर आधुनिक छत्तीसगढ़ के जिला धमतरी के कंडेल गाँव के लोगों ने 1920 में 'जल सत्याग्रह' या 'कंडेल नहर सत्याग्रह' शुरू किया। यह सत्याग्रह ब्रिटिश सरकार द्वारा किसानों को सिंचाई के लिए नहर का उपलब्ध कराने के बदले लगाया गया भारी कर' एवं 'दस साला अनुबंध' के विरुद्ध किया गया। इस आन्दोलन का नेतृत्व पंडित सुन्दर लाल शर्मा,छोटे लाल श्रीवास्तव और नारायण राव मेघावले ने किया।

**3. रत्नाकर झा किस स्थान के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे?**

(a) रायपुर (b) राजनान्दगांव
(c) बिलासपुर (d) रायगढ़
(e) अन्य विकल्पों में से कोई नहीं

**CGPSC Scientific off. (Anthro.) Exam-2015**

**Ans.** (e) रत्नाकर झा दुर्ग के एक प्रसिद्ध वकील एवं संग्राम सेनानी थे। इन्होंने दुर्ग में गाँधीवादी आन्दोलनों का नेतृत्व किया। उल्लेखनीय है कि इनका जन्म वर्ष 1898 में मंडला जिले के अंजनिया गाँव में हुआ था।

**4. सूरत कांग्रेस 1907 में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व सदस्य के रूप में किसने किया था?**

(a) पं. सुन्दरलाल शर्मा (b) पं. रविशंकर शुक्ला
(c) पं. लोचन प्रसाद पाण्डे (d) श्री नारायणराव मेघावाले
(e) अन्य विकल्पों में से कोई नहीं

**CGPSC Scientific off. (Anthro.) Exam-2015**

**Ans.** (b) सूरत कांग्रेस 1907 में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व, माधवराव सप्रे, दादा साहब खापर्डे, डॉ. मुंजे (जो कि उग्रवादी विचार से प्रभावित थे), रविशंकर शुक्ल, हरिसिंह गौर एवं डॉ. माधोलकर (जो कि उदारवादी विचारधारा से प्रभावित थे) आदि नेताओं ने किया।

**5. निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी (छत्तीसगढ़ में जनजातिय विद्रोह एवं नेता) सुमेलित है?**

(a) भोपालपटनम् विद्रोह 1795 - कोरा मांझी
(b) लिंगगिरी विद्रोह 1856-57 - दलगंजन सिंह
(c) कोई विद्रोह 1859 - जुग्गा डोरला
(d) मुरिया विद्रोह 1876 - झाड़ा सिरहा
(e) बस्तर विद्रोह 1910 - दीनानाथ

**CGPSC Scientific off. (Anthro.) Exam-2015**

**Ans.** (d)

| | | |
|---|---|---|
| भोपालपटनम् विद्रोह | - 1795 बस्तर, बीजापुर | - कोरा मांझी |
| लिंगगिरी विद्रोह | - 1856-57 लिंगगिरी तालूका बस्तर | - धुरवाराव माडिया |
| कोई विद्रोह | - 1859 | - नांगूल दोरला |
| मुरिया विद्रोह | - 1876 | - झाड़ा सिरहा |
| बस्तर विद्रोह | - 1910 - बस्तर | - गुण्डाधुर |

**6. निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी (छत्तीसगढ़ में यूरोपियान यात्री एवं मराठा शासक) सुमेलित है?**

(a) फारेस्टर - बिम्बाजी भोंसले
(b) कोलब्रूक - परसो जी भोंसले
(c) कैप्टन ब्लंट - व्यंकोजी भोंसले
(d) चार्ल्स ग्रांट - अप्पासाहब भोंसले
(e) क्राफर्ड - पुरषोजी भोंसले

**CGPSC Scientific off. (Anthro.) Exam-2015**

**Ans.** (c) सही सुमेलन इस प्रकार है-

| छत्तीसगढ़ के मराठा शासक | | यूरोपीय यात्री |
|---|---|---|
| व्यंकोजी भोंसले | - | फॉरेस्ट (1790) |
| व्यंकोजी भोंसले | - | कैप्टन ब्लंट (1795) |
| व्यंकोजी भोंसले | - | कोलब्रुक (1799) |
| बिम्बाजी भोंसले | - | चार्ल्स ग्रांट (1776) |

जबकि क्रॉफर्ड 1828 से 1830 तक छत्तीसगढ़ का ब्रिटिश अधीक्षक था इसके अधीन भोसले शासक कृष्णराव अप्पा थें।

**7. निम्नलिखित में से कौन सी जी जोड़ी (कलचुरी मंदिर, मठ एवं राजा) सुमेलित नहीं है?**

(a) पृथ्वीदेवेश्वर मंदिर, तुम्माण - पृथ्वीदेव प्रथम
(b) विष्णु मंदिर, जांजगीर - जाजल्लदेव प्रथम
(c) शिव मंदिर, पाली - पृथ्वीदेव द्वितीय
(d) लक्ष्मण मंदिर, खरौद - रत्नदेव द्वितीय
(e) दुधाधारीमठ, रायपुर - जयसिंह देव

**CGPSC Scientific off. (Anthro.) Exam-2015**

**Ans.** (c&d)

| मन्दिर | अवस्थित | निर्माता शासक |
|---|---|---|
| पृथ्वीदेवेश्वर मंदिर | - तुम्माण | - पृथ्वीदेव प्रथम |
| विष्णु मंदिर | - जांजगीर | - जाजल्लदेव प्रथम |

| | | |
|---|---|---|
| शिव मंदिर | - पाली | - बाणवंशी शासक विक्रमादित्य |
| लक्ष्मण मंदिर | - खरौद | - रत्नदेव तृतीय |
| दुधाधारीमठ | - रायपुर | - जयसिंह देव |

(c) और (d) दोनों विकल्प सुमेलित नहीं हैं।

**8. 1905 में इनमें से किस जिले को ओडिशा में शामिल कर दिया गया था?**

(a) बेहरामपुर (b) संबलपुर
(c) जजपुर (d) झरसुगुडा
(e) कोरापुत

**CGPSC (ARO, APO, APRO) Exam-2014**

**Ans. (b) :** संबलपुर के लोगों द्वारा 'उड़िया भाषा संकट' की समस्या को हल करने के लिए संबलपुर को मध्य प्रांत से हटाकर ओडिशा के साथ मिलाने की माँग की गई, जिसे 1905 में अंग्रेजों के द्वारा स्वीकार कर लिया गया।

**9. छत्तीसगढ़ क्षेत्र के किस राज्य के शासकों का वंश रक्सेल था?**

(a) सारंगगढ़ (b) सरगुजा
(c) बस्तर (d) कवर्धा
(e) इनमें से कोई नहीं

**CGPSC ACF Exam 2017**

**Ans. (b) :** रक्सेल वंश के शासकों का शासन सरगुजा क्षेत्र और समीपवर्ती झारखण्ड राज्य पर था। यह हैहयवंश से सम्बंधित राजपूतों का एक शाखा है।

**10. सूची 1 को सूची 2 सुमेलित कीजिएः**

| | सूची 1 छत्तीसगढ़ में असहयोग आंदोलन की गतिविधियाँ ) | | सूची 1 व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| A | वकालत का त्याग | 1 | वामनराव लाखे |
| B | 'रायसाहेब' पदवी का समप्रण | 2 | ठाकुर प्यारेलाल |
| C | विधानसभा की सदस्यता का त्यागपत्र | 3 | श्रीमती अंजुम बेगम |
| D | रायपुर के रावणभाटा में खादी प्रदर्शनी | 4 | बाजीराव कृदत्त |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (e) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**CGPSC ACF Exam 2017**

**Ans. (d) :** सही सुमेलित है-

| | छत्तीसगढ़ में असहयोग आंदोलन की गतिविधियाँ ) | (व्यक्ति) |
|---|---|---|
| A | वकालत का त्याग | ठाकुर प्यारेलाल |
| B | 'रायसाहेब' पदवी का समप्रण | वामनराव लाखे |
| C | विधानसभा की सदस्यता का त्यागपत्र | बाजीराव कृदत्त |
| D | रायपुर के रावणभाटा में खादी प्रदर्शनी | श्रीमती अंजुम बेगम |

**11. ब्रिटिश साम्राज्य में विलय के पश्चात् अंग्रेजों द्वारा छत्तीसगढ़ में निम्नलिखित में से कौन-सी व्यवस्था प्रारम्भ की गई ?**

(a) मालगुजारी व्यवस्था (b) ताहुतदारी व्यवस्था
(c) तालुकेदारी व्यवस्था (d) तहसीलदारी व्यवस्था
(e) इनमें से कोई नहीं

**CGPSC ACF Exam 2017**

**Ans. (d) :** ब्रिटिश साम्राज्य में विलय के पश्चात् अंग्रेजों द्वारा (चार्ल्स सी. इलियट) छत्तीसगढ़ में तहसीलदारी व्यवस्था की शुरुआत की गयी। इसका उद्देश्य डिप्टी कमिश्नर के प्रशासनिक कार्यों में सहायता पहुंचाना था। 1854 ई. में छत्तीसगढ़ में तीन तहसीलें बनायी गयी- रायपुर, धमतरी, रतनपुर।

**12. मध्य प्रान्त और बरार प्रान्तीय राजनीतिक परिषद् के निम्नलिखित में से किस अधिवेशन में प्रथम बार नरमपंथियों और गरमपंथियों के बीच फूट के लक्षण प्रकट हुए?**

(a) रायपुर अधिवेशन 1907
(b) जबलपुर अधिवेशन 1909
(c) सागर अधिवेशन 1911
(d) नागपुर अधिवेशन 1915
(e) इनमें से कोई नहीं

**CGPSC ACF Exam 2017**

**Ans. (a) :** मध्य प्रांत और बरार प्रांतीय राजनीतिक परिषद (प्रांतीय कांग्रेस) के रायपुर अधिवेशन (1907 ई.) में प्रथम बार नरमपंथियों एवं गरमपंथियों के बीच फूट पड़ी थी।

**नरम दल के प्रमुख नेता-** हरिसिंह गौर, ठक्कर बापा, डा. मधोलकर, केलकर, रामबहादुर इत्यादि।

**गरम दल के प्रमुख नेता-** माधवराव सप्रे, डा. रविशंकर शुक्ला, ई. राघवेंद्र राव, वामनराव लाखे, हनुमान सिंह, दादा साहेब खापर्डे इत्यादि।

**13. रायपुर षड्यंत्र केस के प्रमुख नायक थे**

(a) कुंजबिहारी चौबे (b) दशरथ लाल चौबे
(c) रघुनन्दन सिंगरौल (d) परसराम सोनी
(e) इनमें से कोई नहीं

**CGPSC ACF Exam 2017**

**Ans. (d) :** रायपुर षड़यंत्र केस के प्रमुख नायक परसराम सोनी थे, इन्हें छत्तीसगढ़ का भगत सिंह भी कहा जाता है। रायपुर षड़यंत्र (1942 ई.) का प्रमुख उद्देश्य था- विस्फोटक सामग्री व बम बनाना। श्री सोनी को 7 वर्ष की सजा दी गयी जिसे पं. रविशंकर शुक्ला के प्रयासों से कम कर 26 जून, 1946 को रिहा कर दिया गया।

**14. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी ( घटना एवं व्यक्ति ) सुमेलित नहीं है?**

(a) किसान सम्मेलन, राजिम 1915-पं.सुदरलाल शर्मा
(b) होमरूल लीग के शाखा की स्थापना, रायपुर 1918-सी.एम. ठक्कर
(c) खिलाफत कमेटी का गठन, रायपुर 1920-असगर अली
(d) श्रीमती ऐनी बेसेंट की सार्वजनिक सभा, रायपुर 1919-वामनराव लाखे
(e) बी. एन. सी. मिल मजदूरों की हड़ताल, राजनांदगांव 1920-ठाकुर प्यारेलाल सिंह

**CG Forest Service (Combined) Exam-2017**

**Ans. (*) :** सही सुमेलित है-

| | विलोपित घटना | व्यक्ति |
|---|---|---|
| a. | किसान सम्मेलन, राजिम 1915 | पं.सुदरलाल शर्मा |
| b. | होमरूल लीग के शाखा की स्थापना, रायपुर 1918 | पंडित रविशंकर शुक्ल |
| c. | खिलाफत कमेटी का गठन, रायपुर 1920 | असगर अली |
| e. | बी. एन. सी. मिल मजदूरों की हड़ताल, राजनांदगांव 1920 | ठाकुर प्यारेलाल सिंह |

**15. 1818 से 1830 तक छत्तीसगढ़ में निम्नलिखित व्यक्ति सुपरिंटेंडेंट नियुक्त हुए।**

(1) कैप्टन एडमंड
(2) कर्नल पी. वान्स एग्न्यू
(3) कैप्टन हण्टर
(4) मि. सैंडिस

**Select the correct answer:/सही उत्तर चुनिये :**

(a) 1, 2 एवं 4 (b) 2, 3 एवं 4
(c) 1, 2 एवं 4 (d) 1, 3 एवं 4
(e) 1, 2, 3 एवं 4

**CG Forest Service (Combined) Exam-2017**

**Ans. (e) :** वर्ष 1818 से 1830 तक छत्तीसगढ़ में कुल 6 व्यक्ति ब्रिटिश सुपरिटेंडेंट नियुक्त किये गये, इनके क्रम इस प्रकार हैं-
(1) कैप्टन एडमंड (1818)
(2) कर्नल पी. वान्स एग्न्यू (1818-1825)
(3) कैप्टन हण्टर (1825)
(4) कैप्टन सैंडिस (1825-1828)
(5) कैप्टन विलकिंसन (1828)
(6) कैप्टन क्राफर्ड (1828-1830)
• कैप्टन क्राफर्ड छत्तीसगढ़ के अंतिम ब्रिटिश सुपरिटेंडेंट रहे हैं।

**16. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (छत्तीसगढ़ में मराठाकालीन कर एवं उसका अर्थ ) सुमेलित नहीं है**

(a) टकोली-जमींदारों द्वारा देय वार्षिक नजराना
(b) आबकारी-मादक पदार्थों और शराब के विक्रय के लिए लाइसेंस शुल्क
(c) सायर -विक्रय कर
(d) पंडरी-गैर-कृषि व्यवसायों पर कर
(e) सेवाई-पशुओं पर लगाया जानेवाला कर

**CG Forest Service (Combined) Exam-2017**

**Ans. (e) : सेवाई कर-** यह कई प्रकार के अस्थायी करों का सामूहिक नाम था।
• इसके अतिरिक्त आबकारी कर/मादक पदार्थों और शराब के विक्रय के लिए लाइसेंस शुल्क को 'कलाली' नाम से जाना जाता था।
• **जमींदारी कर -** यह आयात किये गये अनाज पर जमींदारी क्षेत्र में लगाया जाता था, प्रति गाड़ी तीन पयाली लिया जाता था।

**17. वैदिक काल में छत्तीसगढ़ को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता था?**

(a) दक्षिण कोसल (b) चेदिसगढ़
(c) दंडकारण्य (d) गोंडवाना
(e) इनमें से कोई नहीं

**CGPSC ACF EXAM -2016**

**Ans. (a) :** वैदिक काल में छत्तीसगढ़ को 'दक्षिण कोसल' के नाम से जाना जाता था। पाणिनी के अष्टाध्यायी में प्रथम बार 'कोसल' या 'दक्षिण कोसल' का उल्लेख मिलता है। दंडकारण्य, बस्तर का प्राचीन नाम है।

**18. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी ( छत्तीसगढ़ का प्राचीन स्थापत्य एवं राजवंश ) सुमेलित है?**

(a) राजीवलोचन मंदिर, राजिम-नल वंश
(b) पातालेश्वर मंदिर, मल्लार-पाण्डु वंश
(c) लक्ष्मणेश्वर मंदिर, सिरपुर -शरभपुरिया वंश
(d) देवरानी-जेठानी मंदिर, तालागांव-सोम वंश
(e) मंडवा-महल मंदिर, चौरा गांव -फणि-नाग वंश

**CGPSC ACF EXAM -2016**

**Ans. (a) :** राजीव लोचन मंदिर का निर्माण नल वंश के राजा विलासतुंग ने राजिम में करवाया था। लक्ष्मणेश्वर मंदिर, खरौद का निर्माण पांडु वंश के शासक इंद्रबल/ईशानदेव ने 6वीं सदी में करवाया था जबकि मंडवा महल मंदिर का निर्माण फणीनाग वंश के रामचंद्र देव द्वारा छपरी ग्राम में 14वीं सदी में बनवाया गया था।

**19. निम्नलिखित कथन पढियेः**

(1) छत्तीसगढ़ में कलचुरि प्रशासन व्यवस्था राजतंत्र पर आधारित थी
(2) राजा की सहायता के लिए 'अमात्य' (मंत्री) होते थे।
(3) संपूर्ण कलचुरि राज्य गढ़ों (प्रान्तों) में विभाजित था।

**सही उत्तर चुनियेः**

(a) 1, 2 एवं 3 सही है (b) 1एवं 3 सही है
(c) 2 एवं 3 सही है (d) 1 एवं 3 सही है
(e) इनमें से कोई नहीं

**CGPSC ACF EXAM -2016**

**Ans. (a) :** छत्तीसगढ़ में स्थित कलचुरी प्रशासन व्यवस्था के निम्नलिखित विशेषताएँ थी-
(i) कलचुरी शासन व्यवस्था राजतंत्र पर आधारित थी।
(ii) राजा की सहायता के लिए 'अमात्य' होते थे।
(iii) राज्य को गढ़ों (प्रान्तों) में विभाजित किया गया था।
(iv) कलचुरियों ने छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक समय तक शासन किया।
(v) कलचुरियों का शासन लोकप्रिय, विकेन्द्रीकृत एवं सुदृढ़ शासन व्यवस्था थी, जिसमें प्रशासनिक पदों पर स्थानीय लोगों को नियुक्त किया जाता था।

**20. निम्नलिखित शासक रायपुर की कलचुरि शाखा से संबंधित थे।**

(1) चामुण्डासिंह देव
(2) मोहनसिंह देव
(3) उमेदसिंह देव
(4) अमरसिंह देव

**सही उत्तर चुनियेः**

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4
(c) 1, 2, 4 (d) 1, 3, 4
(e) इनमें से कोई नहीं

**CGPSC ACF EXAM -2016**

**Ans. (d) :** रायपुर की कलचुरि शाखा से संबंधित शासक निम्न हैं-
(i) चामुण्डासिंह देव (1528-1563 ई.)
(ii) उमेदसिंह देव (1685-1705 ई.)
(iii) अमरसिंह देव (1741-1753 ई.)
अमरसिंह देव रायपुर कलचुरी शासकों की शाखा के अंतिम शासक रहे हैं। रायपुर शहर की स्थापना रामचंद्र देव द्वारा की गयी है।

**21. निम्नलिखित कथन पढ़िये:-**
(1) छत्तीसगढ़ के प्रथम सूबेदार महिपतराव के समय में शासन की सारी शक्तियाँ आनंदीबाई के हाथों में थीं।
(2) सूबेदार विट्ठल दिनकर ने प्रशासन में 6 परगना प़्द्धति' लागू की।
(3) सूबेदार बिकाजी गोपाल के समय में छत्तीसगढ़ में पिण्डारियों ने लूट की।
**सही उत्तर चुनिये**
(a) 1, 2 एवं 3 सही है (b) 1 एवं 2 सही है
(c) 2 एवं 3 सही है (d) 1 एवं 3 सही है
(e) इनमें से कोई नहीं

**CGPSC ACF EXAM -2016**

**Ans. (d) :** छत्तीसगढ़ में मराठों द्वारा स्थापित सूबा शासन, मराठों की उपनिवेशवादी नीतियों का परिणाम था। इसके अंतर्गत प्रदेश में 8 सूबेदारों की नियुक्ति की गयी। महिपत राव दिनकर प्रथम सूबेदार नियुक्त किये गये थे। इनका सत्ता के लिए संघर्ष आनंदीबाई से चलता रहा और ये नाममात्र के सूबेदारी करते रहे। विट्ठल दिनकर (1790-96 ई.) ने कलचुरीकालीन 36 गढ़ों को 27 परगनों में विभाजित किया। 6वें सूबेदार बिकाजी गोपाल (1809-17 ई.) के समय में पिण्डारियों की अवांछित गतिविधियां अपने चरम पर थी जिन्होंने छत्तीसगढ़ में व्यापक स्तर पर लूटपाट मचायी। यादवराव दिनकर अंतिम सूबेदार रहे।

**22. आनंदीबाई छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित मराठा शासकों की समकालीन थीं।**
(1) बिंबाजी
(2) परसोजी
(3) चिमणाजी
(4) व्यंकोजी
**सही उत्तर चुनियेः**
(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4
(c) 1, 2, 4 (d) 1, 3,4
(e) इनमें से कोई नहीं

**CGPSC ACF EXAM -2016**

**Ans. (d) :** आनंदीबाई, बिम्बाजी भोंसले की तीन पत्नियों में से एक थी। इनके समकालीन मराठा शासक निम्नलिखित रहे हैं-
(1) बिम्बाजी भोंसले (1758-87 ई.)
(2) चिमणजी भोंसले (1787-88 ई.)
(3) व्यंकोजी भोंसले (1788-1811)
• बिम्बाजी भोंसले की अन्य पत्नियां उमाबाई एवं रमाबाई थीं। उमाबाई, पति मृत्यु से दुखी होकर सती हो गयी जबकि रमाबाई वियोग में वन गमन कर गयी।

**23. ई.स. 1741 में छत्तीसगढ़ पर मराठा आक्रमण के समय रतनपुर राज्य कलचुरि शासक निम्नलिखित में से कौन था?**
(a) अमरसिंह (b) रघुनाथसिंह
(c) मोहनसिंह (d) राजसिंह
(e) इनमें से कोई नहीं

**CGPSC ACF EXAM -2016**

**Ans. (b) :** 1741 ई. में छत्तीसगढ़ पर मराठा आक्रमण (भास्कर पंत-आक्रमण कर्ता) के समय रतनपुर राज्य पर कलचुरि शासक रघुनाथ सिंह का शासन था। शासन की दुर्बलता और सुदृढ़ सेना के अभाव में रघुनाथ सिंह ने मराठा सेनापति भास्कर पंत के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। तत्पश्चात् रघुजी प्रथम के प्रतिनिधि के रूप में वे राज्य का शासन चलाते रहे।

**24. गाँधीजी का सर्वप्रथम रायपुर आगमन किस तिथि को हुआ?**
(a) 18 दिसम्बर, 1920 (b) 19 दिसम्बर, 1920
(c) 20 दिसम्बर, 1920 (d) 21 दिसम्बर, 1920
(e) 22 दिसम्बर, 1920
**उत्तर** – (c)

**CGPSC (Pre) Exam-2012**
**CGPSC (VAS) Exam-2021**

**व्याख्या** – गांधी जी का छत्तीसगढ़ में प्रथम प्रवास 20 दिसम्बर, 1920 को कण्डेल नहर सत्याग्रह के संदर्भ में हुआ। उन्होंने मकई वध चौक में धमतरी के लोगों को सम्बोधित किया। धमतरी तहसील के प्रतिष्ठित जमींदार बाजीराव कृदन्त ने 501 रु. की थैली भेंटकर गांधी जी का अभिनन्दन किया। रायपुर जाते समय इन्होंने कुरुद की जनता से भेंट की। गांधी जी का छत्तीसगढ़ में द्वितीय आगमन 22 नवम्बर, 1933 को हुआ।

**25. निम्न कथनों को पढ़िए –**
1. सविनय अवज्ञा आन्दोलन के दौरान छत्तीसगढ़ में जंगल सत्याग्रह हुए
2. छत्तीसगढ़ में सविनय अवज्ञा आन्दोलन शांतिपूर्ण रहा
3. नवागांव-रुद्री जंगल सत्याग्रह में पुलिस ने गोली चालन किया
**सही उत्तर चुनिए –**
(a) केवल 1 सही है (b) केवल 2 सही है
(c) 1 एवं 2 सही हैं (d) 1, 2 एवं 3 सही हैं
(e) 1 एवं 3 सही हैं

**CGPSC (Pre) Exam-2012**

**Ans. (e) :** 12 मार्च, 1930 को गाँधी जी ने दाण्डी यात्रा आरम्भ कर सविनय अवज्ञा आन्दोलन का शुभारम्भ किया। इस आन्दोलन से पूरा छत्तीसगढ़ आन्दोलित हो उठा। 22 अगस्त, 1930 को बड़ी संख्या में सत्याग्रहियों ने नवागांव वन विभाग की सुरक्षित घास को काटकर कानून का उल्लंघन करने का निर्णय लिया, जिसका नेतृत्व नारायण राव मेजाबाले और जगताप के हाथों में दिया गया लेकिन उन्हें गिरफ्तार कर धारा 144 लगा दी गयी। कई स्थानों पर फायरिंग भी की गई, जिससे सिंधु कुमार तथा रलु की मृत्यु हो गई। सम्पूर्ण राज्य में आन्दोलन काफी उग्र रहा अतः विकल्प दो सही नहीं है।

**26. सूची-I को सूची-II से मिलाइए –**

| सूची-I (छत्तीसगढ़ के प्राचीन राजवंश) | सूची-II (शासक) |
|---|---|
| (a) राजर्षितुल्य कुल | 1. महाशिव गुप्त |
| (b) शरभपुरीय | 2. भीमसेन |
| (c) पाण्डु वंश | 3. भवदत्त वर्मन |
| (d) नलवंश | 4. प्रसन्नमात्र |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (e) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**CGPSC (Pre) Exam-2012**

**उत्तर – (b)** महाशिव गुप्त पाण्डु वंश के शासक हर्षगुप्त का पुत्र एवं उत्तराधिकारी बना। बाल्यावस्था में ही धनुर्विद्या में निपुण होने के कारण उसका नाम वालार्जुन हो गया। उसने लगभग 60 वर्षो तक शासन किया। प्रसन्न मात्र शरभपुरीय वंश का प्रतापी शासक था। इसके समय के सोने के सिक्के राज्य में कई स्थानों से मिले हैं। राजर्षितुल्य कुल के साक्ष्य छत्तीसगढ़ में दक्षिण कोशल के आसपास 5वीं शताब्दी में मिलते हैं। इस वंश का प्रतापी शासक भीमसेन हुआ, जिसके ताम्रपत्र आरंग से प्राप्त हुए हैं। भवदत्त वर्मन नल नागवंश का प्रतापी शासक था जिसने इस वंश की सत्ता का अधिकाधिक विस्तार किया।

**27. जनवरी 1858 में रायपुर में हुये सिपाही विद्रोह के नेता थे?**

(a) हनुमान सिंह (b) नारायण सिंह
(c) लाल सिंह (d) नूर मोहम्मद
(e) शिवगोविंद

**CGPSC (Pre) Exam-2013**

**Ans. (a) :** जनवरी 1858 ई. में रायपुर में हुए सिपाही विद्रोह के नेता हनुमान सिंह थे। हनुमान सिंह तीसरी बटालियन में मैंग्जीन लश्कर पद पर कार्यरत थे। इन्होंने 19 जनवरी 1858 को सार्जेंट सिडवेल की हत्या कर दी थी। इन्हें छत्तीसगढ़ का मंगल पांडे कहा जाता है।

- 1856 ई. के सोनाखान विद्रोह के नेता वीर नारायण सिंह थे।

**28. असहयोग आंदोलन में दुर्ग के इन वकीलों ने वकालत का परित्याग किया –**

1. राम दयाल तिवारी 2. घनश्याम सिंह गुप्त
3. प्यारेलाल सिंह 4. रत्नाकर झा

**सही उत्तर चुनिये –**

(a) 1, 2 एवं 3 (b) 2, 3 एवं 4
(c) 1 एवं 2 (d) 2 एवं 4
(e) केवल 4

**CGPSC (Pre) Exam-2013**

**Ans. (b) :** 1920 के असहयोग आंदोलन के समय निम्न स्थानों पर वकीलों ने वकालत परित्याग किया-

**दुर्ग में-** घनश्याम सिंह गुप्त, रत्नाकर झा, ठाकुर प्यारेलाल सिंह, बलदेव प्रसाद सिंह।
**रायपुर में-** पं. रामदयाल तिवारी, यादवराव देशमुख
**बिलासपुर में-** बैरिस्टर छेदीलाल, ई. राघवेन्द्रराव, एन.आर. खान खोजे, डी.के. मेहता।

**29. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिये –**

| सूची 1 (समय) | सूची 2 (छ. ग. में जंगल सत्याग्रह) |
|---|---|
| a. जून 1930 | 1. तमोरा |
| b. जुलाई 1930 | 2. रुद्री नवागांव |
| c. अगस्त 1930 | 3. मोहबना |
| d. सितंबर 1930 | 4. गट्टासिल्ली |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (e) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**CGPSC (Pre) Exam-2013**

**Ans. (d) :** सही सुमेल है –

(a) जुलाई 1930 – मोहबना
(b) जून 1930 – गट्टासिल्ली
(c) अगस्त 1930 – रुद्री नवागांव
(d) सितम्बर 1930 – तमोरा

**30. निम्न में से किस ब्रिटिश अधिकारी ने 1818 में छत्तीसगढ़ की राजधानी रतनपुर से रायपुर स्थानांतरित की?**

(a) कैप्टन एडमंड (b) मेजर एग्न्यू
(c) क्राफर्ड (d) मि. सण्डीस
(e) विलकिन्सन

**CGPSC (Pre) Exam-2013**

**Ans. (b) :** मेजर एग्न्यू ने अपना पहला महत्वपूर्ण कार्य रतनपुर के स्थान पर रायपुर को छत्तीसगढ़ की राजधानी बनाने का निश्चय किया। रायपुर पहली बार 1818 ई. में ब्रिटिश अधीक्षक का मुख्यालय एवं छत्तीसगढ़ की राजधानी बना। एगन्यू ने 1819-20 ई. में परगनों का पुनर्गठन कर उनकी संख्या 27 से घटाकर 8 कर दी। उसने मुद्रा विनियम के क्षेत्र में विषमताओं को दूर कर एकरूपता लाई। उसने धमधा के नकली गोंड राजा के विद्रोह को शांत किया तथा सोनाखान के जमींदार द्वारा हड़पी गई खालसा भूमि को उसे वापस करने के लिए बाध्य किया।

**31. छत्तीसगढ़ में मराठा शासन के दौरान निम्न सूबेदार नियुक्त हुये–**

1. केशव गोविंद 2. विठ्ठलराव दिनकर
3. महिपतराव 4. बीकाजी गोपाल

**इनका क्रम निर्धारित कीजिये –**

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 1, 3, 4
(c) 3, 2, 1, 4 (d) 3, 4, 1, 2
(e) 4, 1, 3, 2

**CGPSC (Pre) Exam-2013**

**Ans. (c) :** सही क्रम है – 1. महिपत राव दिनकर, 2. विट्ठल राव दिनकर, 3. केशव गोविन्द, 4. बीकाजी गोपाल।

| छत्तीसगढ़ में सूबेदार (मराठा) | कार्यकाल |
|---|---|
| महिपति राव | 1787 से 1790 ई. |
| विट्ठल राव दिनकर | 1790 से 1796 ई. |
| केशव गोविंद | 1797 से 1808 ई. |
| बीकाजी गोपाल | 1809 से 1816 ई. |

छत्तीसगढ़ में मराठा राज्य अप्रत्यक्ष रूप से मराठा सेनापति ने प्रारम्भ किया कलचुरी वंश के अंतिम शासक नरेश रघुनाथ सिंह को हराकर (1741 में)। वहीं मराठों का छत्तीसगढ़ में प्रत्यक्ष शासन स्थापित करने का श्रेय बिम्बाजी राव भोंसले को जाता है जिनका शासनकाल 1758 से 1787 ई. तक रहा।

**32. रामकृष्ण मिशन विवेकानन्द आश्रम नारायणपुर के संस्थापक हैं –**

(a) स्वामी सत्यरूपानन्द (b) स्वामी आत्मानन्द
(c) स्वामी रामानन्द (d) स्वामी अखण्डानन्द
(e) स्वामी ज्योतिरूपानन्द

**CGPSC (Pre) Exam-2014**

**Ans. (b) :** रामकृष्ण मिशन विवेकानन्द आश्रम नारायणपुर की स्थापना 1985 में स्वामी आत्मानंद ने की थी। यह छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में स्थित है।

**33. कलचुरि राजवंश की निम्नलिखित में से किस शाखा ने छत्तीसगढ़ में राजनीतिक सत्ता स्थापित की?**

(a) लहुरी (b) बेहुरी
(c) त्रिपुरी (d) कलिंग
(e) शरभपुरीय

**CGPSC (Pre) Exam-2014**

**Ans. (c) :** कलचुरि वंश की स्थापना कोक्कल प्रथम ने 845 ई. में की थी। उसने त्रिपुरी को अपनी राजधानी बनाया था। कलचुरि वंश की त्रिपुरी शाखा ने छत्तीसगढ़ में राजनीतिक सत्ता स्थापित की थी।

**34. छत्तीसगढ़ में मराठा प्रशासन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

(a) मराठों ने कलचुरियों की प्रशासनिक व्यवस्था को जारी रखा
(b) मराठों का छत्तीसगढ़ के खालसा क्षेत्र पर प्रशासकीय नियंत्रण था
(c) मराठों ने भू-राजस्व का दहसाला बंदोबस्त लागू किया
(d) मराठों ने छत्तीसगढ़ का प्रशासन कलचुरि राजाओं को सौंप दिया
(e) मराठों ने छत्तीसगढ़ में इजारादारी व्यवस्था लागू की

**CGPSC (Pre) Exam-2014**

**Ans. (b) :** मराठों का छत्तीसगढ़ के खालसा क्षेत्र पर प्रशासकीय नियंत्रण था।

**35. निम्नलिखित में से किसने 1920 में बी. एन. सी. मिल राजनांदगांव के श्रमिकों की ऐतिहासिक हड़ताल का नेतृत्व किया?**

(a) पं. सुन्दरलाल शर्मा (b) ठाकुर प्यारेलाल सिंह
(c) क्रांति कुमार भारतीय (d) बैरिस्टर छेदीलाल
(e) कुतुबुद्दीन

**CGPSC (Pre) Exam-2014**

**Ans. (b) :** 21 दिसंबर, 1891 राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ में जन्में ठाकुर प्यारेलाल सिंह छत्तीसगढ़ में 'श्रमिक आंदोलन' के सूत्रधार तथा 'सहकारिता आंदोलन' के प्रणेता थे। इन्होंने 1920 में हुए बी. एन. सी. मिल राजनांदगांव के श्रमिकों की ऐतिहासिक हड़ताल का नेतृत्व किया था।

**36. सूची-1 (प्राचीन छत्तीसगढ़ के राजवंश) को सूची-2 (शासक) से सुमेलित कीजिये।**

| सूची-1 | सूची-2 |
|---|---|
| (a) नल | (1) तीवरदेव |
| (b) शरभपुरीय | (2) शिवगुप्त |
| (c) पाण्डु | (3) स्कंदवर्मन |
| (d) सोम | (4) सुखदेवराज |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

**CGPSC (Pre) Exam-2014**

**Ans. (b) :**

| राजवंश | | शासक |
|---|---|---|
| नल | – | स्कंदवर्मा |
| शरभपुरीय | – | सुखदेव राज |
| पाण्डु | – | तीवरदेव |
| सोम | – | शिवगुप्त |

**37. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (छत्तीसगढ़ में आदिवासी विद्रोह एवं उसका नेता) सुमेलित नहीं है?**

(a) परलकोट विद्रोह (1825) – गेंद सिंह
(b) तारापुर विद्रोह (1842) – दलगंजन सिंह
(c) मेड़िया विद्रोह (1842) – हिड़मा मांझी
(d) कोई विद्रोह (1859) – गोपीनाथ
(e) बस्तर विद्रोह (1910) – गुंडाधुर

**CGPSC (Pre) Exam-2014**

**Ans. (d) :** बस्तर जिले के आदिवासियों द्वारा नांगुलदोली के नेतृत्व में 1859 में हुआ 'कोई विद्रोह' वन संरक्षण का प्रथम भारतीय उदाहरण है। 24 दिसंबर, 1824 को मराठों एवं अंग्रेज अधिकारियों की शोषण नीति के विरुद्ध परलकोट के जमींदार गेंद सिंह के नेतृत्व में विद्रोह हुआ। बस्तर विद्रोह के नायक गुंडाधुर को 'भूमकाल का जननायक' कहा जाता है। दंतेवाड़ा की आदिम जनजातियों ने आंग्ल-मराठा शासन के खिलाफ अपनी परंपराओं और रीति-रिवाजों पर होने वाले आक्रमणों के विरुद्ध हिड़मा मांझी के नेतृत्व में विद्रोह किया था।

**38. ताना भगत आंदोलन को जतरा उरांव ने किस वर्ष प्रारंभ किया था?**

(a) 1919 (b) 1917
(c) 1914 (d) 1922
(e) उपर्युक्त में से कोई नही

**CGPSC (Pre) Exam-2015-16**

**Ans. (c) :** ताना भगत आंदोलन का आरंभ जतरा उरांव ने 1914 में छोटा नागपुर में किया था। जतरा भगत के अतिरिक्त इस आन्दोलन के नेतृत्व कर्ताओं में बलराम भगत तथा देवमेनिया भगत (महिला) प्रमुख थे। इस आन्दोलन को भगत आन्दोलन इसलिए कहा गया क्योंकि इसका नेतृत्व आदिवासियों के बीच के उन लोगों ने किया था जो फकीर या धर्माचार्य थे।

**39. रायपुर में रतनपुर के कलचुरी शाखा (Kalachuri Branch) का प्रथम शासक कौन था?**

(a) ब्रह्मदेव (b) रामचन्द्र
(c) मोहन सिंह (d) अजित सिंह
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**GPSC (Pre) Exam-2015-16**

**Ans. (b) :** रायपुर में रतनपुर के कलचुरी शाखा का प्रथम शासक रामचंद्र थे। उल्लेखनीय है कि इन्होंने रायपुर नगर की स्थापना ब्रह्मदेव के नाम पर की थी। इस वंश के अंतिम शासक अमर सिंह देव (1741 ई- 1753 ई.) थे।

**40. 21 जनवरी, 1922 को सिहावा-नगरी में कौन-सा सत्याग्रह किया गया था?**

(a) व्यक्तिगत सत्याग्रह (b) नमक सत्याग्रह
(c) कृषक सत्याग्रह (d) जंगल सत्याग्रह
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**CGPSC (Pre) Exam-2015-16**

**Ans. (d) :** छतीसगढ़ के आदिवासी बहुल क्षेत्र धमतरी तहसील के सिंहावा नगरी में 21 जनवरी, 1922 को जंगल सत्याग्रह किया गया था। यह असहयोग आन्दोलन का हिस्सा था। इस आन्दोलन में जंगल कानून का उल्लंघन कर वनों की लकड़ी काटी गयी थी। इस आन्दोलन का नेतृत्व श्यामलाल सोम, पंचम सिंह, विशम्भर पटेल एवं शोभाराम ने किया था।

**41. छत्तीसगढ़ की गट्टासिल्ली (Gattasilli) सत्याग्रह के प्रमुख नेता थे–**

(a) श्री नारायण राव मेघावाले (b) श्री नत्थूजी जगताप
(c) उपर्युक्त दोनों ही (d) श्री वामनराव लाखे
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**CGPSC (Pre) Exam-2015-16**

**Ans. (c) :** छत्तीसगढ़ के पुराने धमतरी तहसील के गट्टासिल्ली जंगल सत्याग्रह का नेतृत्व 1930 के दौरान श्री नारायण राव मेघावाले तथा नत्थूजी जगताप के नेतृत्व में किया गया। इनकी गिरफ्तारी के पश्चात् आन्दोलन का नेतृत्व डा. शोभानाथ देवांगन ने किया था। इस आंदोलन की शुरुआत आरक्षित वन क्षेत्र में पशुओं के चरने के कारण पशुओं को ब्रिटिश सरकार द्वारा काजी हाउस में बंद करने की प्रतिक्रिया में हुआ था।

**42. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए–**

| सूची-I (भारत छोड़ो आन्दोलन में छत्तीसगढ़ की घटनाएं) | सूची-II (सम्बन्धित व्यक्ति) |
|---|---|
| (a) रायपुर षड्यंत्र केस | 1. ईश्वरी चरण शुक्ला |
| (b) रायपुर डायनामाइट केस | 2. रघुनन्दन सिंगरौल |
| (c) दुर्ग जिला कचहरी में आगजनी | 3. रणवीर सिंह शास्त्री |
| (d) रायपुर में विद्यार्थियों का जुलूस | 4. परसराम सोनी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (C) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (E) | 4 | 2 | 1 | 3 |

**CGPSC (Pre) Exam-2015-16**

**Ans. (d) :** भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान छत्तीसगढ़ की घटनाओं और उनसे सम्बंधित व्यक्तियों का सुमेल इस प्रकार है–

रायपुर षड्यंत्र केस – परसराम सोनी
रायपुर डायनामाइट केस – ईश्वरी चरण शुक्ला
दुर्ग जिला कचहरी में आगजनी – रघुनंदन सिंगरौल
रायपुर में विद्यार्थियों का जूलूस – रणवीर सिंह शास्त्री

**43. निम्नलिखित में से किस वर्ष छत्तीसगढ़ मध्य प्रान्त (Central Province) का संभाग बना?**

(a) 1860 (b) 1862
(c) 1863 (d) 1865
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**CGPSC (Pre) Exam-2015-16**
**CGPSC (Pre) Exam-2014**

**Ans. (b) :** 2 नवंबर 1861 को मध्य प्रांत (Central Provinces) का गठन हुआ जिसमें छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र शामिल था। इसी दौरान वर्ष 1862 में मध्य प्रान्त में 5 संभाग बनाए गए, जिसमें छत्तीसगढ़ एक स्वतंत्र संभाग बना तथा मुख्यालय रायपुर बना। प्रथम कमिश्नर-चार्ल्स सी. इलियट थे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य का गठन 1 नवंबर, 2000 को मध्य प्रदेश से पृथक् करके किया गया।

**44. छत्तीसगढ़ में मराठा शासनकाल में निम्नलिखित स्थानों में विद्रोह हुए–**

1. धमधा 2. बरगढ़
3. कवर्धा 4.तारापुर

**सही उत्तर चुनिए :**

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4
(c) 1, 2, 4 (d) 1, 3, 4
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**CGPSC (Pre) Exam-2015-16**
**CGPSC (Pre) Exam-2016-17**
**CGPSC (Pre) Exam-2014**

**Ans. (c) :** छत्तीसगढ़ में मराठा शासन काल में दुर्ग जिले के धमधा, बरगढ़ (वर्तमान ओडिशा) तथा रायगढ़ जिले के तारापुर में विद्रोह हुआ था। कवर्धा, जिसे वर्तमान में कबीर धाम जिले के नाम से जाना जाता है यह छत्तीसगढ़ का एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जिला है।

**45. नागपुर के भोंसले राज्य पर ब्रिटिश संरक्षण के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में नियुक्त प्रथम सुपरिटेंडेंट निम्नलिखित में से कौन था?**

(a) कैप्टन एडमंड (b) मेजर पी. वान्स एग्न्यू
(c) कैप्टन हंटर (d) मेजर सैंडिस
(e) विल्किन्सन

**GPSC (Pre) Exam-2016-17**

**Ans. (a) :** नागपुर के भोंसले राज्य पर ब्रिटिश संरक्षण के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में नियुक्त प्रथम सुपरिटेंडेंट कैप्टन एडमंड था। ध्यातव्य है कि नवम्बर 1817 ई. में अंग्रेजों और भोंसले के बीच सीताबर्डी का युद्ध हुआ। इस युद्ध में अंग्रेजों की जीत हुई थी।

**46. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (छ.ग. में मराठा शासनकाल का कर एवं उसका अर्थ) सुमेलित नहीं है?**

(a) टकौली - जमींदारों से लिया जाने वाला वार्षिक नजराना
(b) सायर - वस्तुओं की बिक्री पर लिया जाने वाला कर
(c) पंडरी - गैर-कृषकों से लिया जाने वाला कर
(d) सेवाई - अर्थदण्ड या जुर्माने की राशि
(e) तराई - सिंचाई पर लिया जाने वाला कर

**CGPSC (Pre) Exam-2016-17**

**Ans. (e) :** तराई वह क्षेत्र होता है जिसमें नदियां भांवर से निकलकर पुनः धरातल के ऊपर आ जाती हैं। यह अत्यधिक नमी वाला क्षेत्र होता है। इस प्रकार प्रश्नगत विकल्प (e) सुमेलित नहीं है। अन्य विकल्प सुमेलित हैं।

**47. छत्तीसगढ़ में कबीर पंथ के संस्थापक हैं -**

(a) चरणदास (b) कबीरदास
(c) चूड़ामणि साहब (d) धर्मदास
(e) इनमें से कोई नहीं

**CGPSC (Pre) Exam-2016-17**

**Ans. (d) :** छत्तीसगढ़ में कबीरपंथ के संस्थापक कबीरदास जी के प्रमुख शिष्य धर्मदास जी थे। धर्मदास जी के पुत्र चूड़ामणि साहब ने कुटूरमाल गाँव (कोरबा) में कबीर-पंथी गद्दी की स्थापना की थी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने इस प्रश्न का उत्तर विकल्प (c) को माना है।

**48. निम्नलिखित कथन पढ़िये।**

**1. 29 जुलाई, 1938 को छत्तीसगढ़ के पं. रविशंकर शुक्ल ने मध्यप्रांत के द्वितीय कांग्रेस मंत्रिमंडल का गठन किया।**
**2. इस मंत्रिमंडल ने प्रांत में 'विद्या मंदिर' योजना प्रारंभ की।**
**3. 8 नवंबर, 1939 को इस मंत्रिमंडल ने त्यागपत्र दे दिया।**

**सही उत्तर चुनिये**

(a) 1, 2 एवं 3 सही है (b) 1 एवं 2 सही है
(c) 2 एवं 3 सही है (d) 1 एवं 3 सही है
(e) केवल 1 सही है

**CGPSC (Pre) Exam-2016-17**

**Ans. (d) :** 29 जुलाई, 1938 को छत्तीसगढ़ के पं. रविशंकर शुक्ल ने मध्यप्रांत के द्वितीय कांग्रेस मंत्रिमंडल का गठन किया। 8 नवंबर, 1939 को इस मंत्रिमंडल ने द्वितीय विश्व युद्ध में बिना राय लिए भारतीयों को शामिल किये जाने के कारण त्यागपत्र दे दिया। इस मंत्रिमंडल ने प्रांत में विद्या मंदिर नामक योजना प्रारंभ नहीं की थी। अतः कथन 1 और 3 सही और कथन 2 गलत है।

**49. निम्नलिखित में से किस वर्ष में छत्तीसगढ़ मध्यप्रान्त का एक संभाग बना?**

(a) 1860 (b) 1862
(c) 1865 (d) 1868
(e) इनमें से कोई नहीं

**CGPSC (Pre) Exam-2016-17**

**Ans. (b) :** वर्ष 1862 में छत्तीसगढ़ मध्यप्रांत का एक संभाग बना था। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में थोड़ी सांस्कृतिक विविधता थी इसी को ध्यान में रखकर नवम्बर, वर्ष 2000 ई में मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ को अलग किया गया।

**50. निम्नलिखित कथन पढ़िये।**

1. 9 अगस्त, 1942 को रायपुर में कांग्रेसजनों ने जुलूस निकाला जिसमें 'अंग्रेजों भारत छोड़ो के नारे लगाये गये।
2. रायपुर के एक युवक रामकृष्ण सिंह ठाकुर ने नागपुर के हाईकोर्ट भवन पर तिरंगा लहराया।
3. बिलासपुर में विद्यार्थियों ने 9 अगस्त 1942 को हड़ताल की।

**सही उत्तर चुनिये**

(a) 1, 2 एवं 3 सही है (b) 1 एवं 2 सही है
(c) 2 एवं 3 सही है (d) 1 एवं 3 सही है
(e) केवल 1 सही है

**CGPSC (Pre) Exam-2016-17**

**Ans. (b) : 9** अगस्त, **1942** को रायपुर में कांग्रेसजनों ने जुलूस निकाला जिसमें 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' के नारे लगाये गए। रायपुर के एक युवक रामकृष्ण सिंह ठाकुर ने नागपुर के हाईकोर्ट भवन पर तिरंगा लहराया। बिलासपुर में विद्यार्थियों ने **9** अगस्त, **1942** को हड़ताल नहीं की थी। अतः कथन 1 और 2 सही और कथन 3 गलत है।

**51. छत्तीसगढ़ में मराठा शासनकाल में निम्नलिखित स्थानों में विद्रोह हुए**

1. धमधा 2. बरगढ़
3. कवर्धा 4. तारापुर

**सही उत्तर चुनिये**

(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4
(c) 1, 2, 4 (d) 1, 3, 4
(e) 1, 2, 3, 4

**CGPSC (Pre) Exam-2016-17**

**Ans. (c) :** छत्तीसगढ़ में मराठा शासनकाल में धमधा, बरगढ़ और तारापुर में विद्रोह हुए थे। किसानों पर बढ़ते दबाव के कारण इन स्थानों पर विद्रोह देखने को मिले, जिसने बाद में राजनीतिक रंग भी लिया।

**52. निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (घटना एवं व्यक्ति) सुमेलित नहीं है?**

(a) समोदा में राजनीतिक सम्मेलन, 7-8 दिसम्बर, 1946 - डॉ. खूबचंद बघेल
(b) बिलासपुर में विद्यार्थी सप्ताह, 13-15 दिसम्बर, 1946 - भुवन भास्कर सिंह
(c) तहसील राजनीतिक सम्मेलन, बेमेतरा, 31 दिसम्बर, 1946 - मोहनलाल बाकलीवाल
(d) रायपुर के गांधी चौक में तिरंगा फहराना, 15 अगस्त, 1947 - पं. रविशंकर शुक्ल
(e) बिलासपुर में तिरंगा फहराना, 15 अगस्त 1947 - रामगोपाल तिवारी

**CGPSC (Pre) Exam-2016-17**

**Ans. (d) :** पंडित रविशंकर शुक्ल ने 15 अगस्त; 1947 को सीताबर्डी (नागपुर) में झण्डा फहराया था। जबकि रायपुर में गाँधी चौक पर बयोवृद्ध स्वतंत्रता संगाम सेनानी बलीराम लाखे ने तिरंगा फहराया था।

**53. निम्नलिखित में से कौनसी जोड़ी ( छ.ग. में जनजातीय विद्रोह एवं नेता ) सुमेलित है?**

(a) भोपालपटनम् विद्रोह 1795 - कोरा मांझी
(b) लिंगागिरी विद्रोह 1856-57 - दलगंजन सिंह
(c) कोई विद्रोह 1859 - जुग्गा डोरला
(d) मुरिया विद्रोह 1876 - झाड़ा सिरहा
(e) बस्तर विद्रोह 1910 - दीनानाथ

**CGPSC (Pre) Exam-2016-17**

**Ans. (d) :** मुरिया विद्रोह वर्ष 1876 में झाड़ा सिरहा के नेतृत्व में हुआ था। 8 अप्रैल, 1876 में एक सभा में जॉर्ज मैके ने विद्रोहियों की माँग मान ली। इससे विद्रोह समाप्त हो गया।

**54. कुटुंमसर गुफाओं का अन्वेषण किया था**

(a) प्रो. शंकर तिवारी ने (b) प्रो. शंकरानंद तिवारी ने
(c) प्रो. सेवा शंकर तिवारी ने (d) प्रो. रामशंकर तिवारी ने
(e) इनमें से कोई नहीं

**CGPSC (Pre) Exam-2016-17**

**Ans. (a) :** कुटुंमसर गुफाओं का अन्वेषण 1950 के दशक में प्रो. शंकर तिवारी ने किया था। कुटुंमसर की गुफा, छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में स्थित है। कहा जाता है कि यहाँ प्रागैतिहासिक काल के मानव रहा करते थे। वैज्ञानिकों के अनुसार करोड़ों वर्ष पहले यह क्षेत्र पानी में डूबा हुआ था। पानी के बहाव से इन गुफाओं का निर्माण हुआ।

**55. ''कुटुंमसर'' गुफा किस ज़िले में स्थित है?**

(a) सरगुजा (b) जशपुर
(c) बस्तर (d) दन्तेवाड़ा
(e) इनमें से कोई नहीं

**CGPSC (Pre) Exam-2016-17**

**Ans. (c) :** कुटुंमसर की गुफा छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में स्थित है। यहाँ से प्रागैतिहासिक मानव विकास के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार करोड़ों वर्ष पूर्व यह क्षेत्र पानी में डूबा हुआ था। इस गुफा का आकार सर्पीला है। इसकी खोज प्रो. शंकर तिवारी ने आदिवासियों की मदद से की थी।

**56. निम्नलिखित अभिलेखों एवं संबंधित शासकों के नामों को सुमेलित कीजिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(A)** | **कुरुद ताम्रपत्र** | **(i)** | **शिवगुप्त बालार्जुन** |
| **(B)** | **सिरपुर लक्ष्मण मंदिर शिलालेख** | **(ii)** | **जगदेक भूषण** |
| **(C)** | **बारसूर शिलालेख** | **(iii)** | **नरेन्द्र** |
| **(D)** | **कोटगढ़ शिलालेख** | **(iv)** | **पृथ्वीदेव द्वितीय** |

**Choose the correct option:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (b) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (c) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (d) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**CGPSC ACF-2020**

**Ans. (b) :** सही सुमेलन है।

| | अभिलेख | | शासक |
|---|---|---|---|
| A. | कुरुद ताम्रपत्र | – | नरेन्द्र |
| B. | सिरपुर लक्ष्मण मन्दिर शिलालेख | – | शिवगुप्त बालार्जन |
| C. | वारसूर शिलालेख | – | जगदेक भूषण |
| D. | कोटगढ़ | – | पृथ्वी देव द्वितीय |

**57. बिम्बाजी के संदर्भ में निम्नलिखित में से सही उत्तर चुनिए:**

**(i) बिम्बाजी छत्तीसगढ़ से प्राप्त भू-राजस्व का कोई हिस्सा नागपुर नहीं भेजते थे**

**(ii) बिम्बाजी ने छत्तीसगढ़ में कमविशदारों की नियुक्ति की**

(a) (i) एवं (ii) दोनों सही है (b) सिर्फ (i) गलत है
(c) सिर्फ (ii) गलत है (d) (i) एवं (ii) दोनों गलत है

**CGPSC ACF-2020**

**Ans. (a) :** विम्बाजी भोसले ने छत्तीसगढ़ में प्रत्यक्ष मराठा शासन की शुरूआत की। इन्होंने नागपुर के सहायक के रूप में शासन किया। एवं छत्तीसगढ़ में कमविशदारों की नियुक्ति की। तथा राजस्व पद आरम्भ किया परन्तु राजस्व का हिस्सा नागपुर नहीं भेजता था।

**58. परलकोट के विद्रोह के संदर्भ में कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(a) अंग्रेजों व मराठों के विरुद्ध 24 दिसम्बर, 1824 को परलकोट में आदिवासी एकत्र हुए
(b) बस्तर के प्रभावी सुपरिन्टेन्डेंड ने चांदा के कैप्टन पीव से सहायता माँगी
(c) 20 जनवरी, 1825 को परलकोट में गेंदसिंह को फाँसी पर लटका दिया गया
(d) दीवान कालिन्दर सिंह ने इस विद्रोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी

**CGPSC ACF-2020**

**Ans. (d) :** अंग्रेजों एवं मराठों के शोषण के विरोध में गैदसिंह ने 24 दिसम्बर 1825 को अबूझमाड़ (परलकोट) में एक विशाल सभा का आयोजन किया। तथा गाँव में धावड़ा वृक्ष की टहनी भेजकर विद्रोह के लिए तैयार रहने का सन्देश भेजा। 4 जनवरी 1825 को आदिवासी वीर परलकोट में पारम्परिक अस्त्र-शस्त्रों से लैस होकर विद्रोह कर दिया। वस्तर के प्रभावी सुपरिन्टेन्डेड ने चांदा कैप्टन पीव/तथा मराठा सैनिको की सहायता से विद्रोह को दबाने में सफल रहा। विद्रोह के नेता गैंदसिंह (Gendshing) को गिरफ्तार कर 20 जनवरी 1825 को उन्हें महल के सामने फाँसी दे दी गई दीवान कालिन्दर सिंह की इस विद्रोह में कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं थी।

**59. रत्नाकर झा किस स्थान के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे?**

(a) रायपुर (b) राजनांदगांव
(c) बिलासपुर (d) रायगढ़
(e) इनमें से कोई नहीं

**CGPSC (Pre) Exam-2017**

**Ans. (e) :** 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन का छत्तीसगढ़ में भी संचालन हुआ, जिसमें, दुर्ग जिले से-रघुनन्दन प्रसाद, रत्नाकर झॉ, गणेश प्रसाद सिंगरौल, नरसिंह प्रसाद अग्रवाल आदि ने नेतृत्व प्रदान किया।

**60. निम्नलिखित में से कौनसी जोड़ी (संगठन एवं व्यक्ति) सुमेलित है?**

(a) सत्याग्रह आश्रम, रायपुर 1921 – महंत लक्ष्मीनारायण दास
(b) राष्ट्रीय पंचायत, रायपुर 1921 – जयकरण डागा
(c) खादी आश्रम, धमतरी 1922 – छोटेलाल श्रीवास्तव
(d) राष्ट्रीय युवक संघ, बिलासपुर 1922 – भगवानदीन
(e) तहसील कांग्रेस कमेटी जांजगीर 1922 – ठाकुर छेदीलाल

**CGPSC (Pre) Exam-2017**

**Ans. (*) :** क्षेत्र के लोगों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए वर्ष 1921 में रायपुर में राष्ट्रीय पंचायत की स्थापना की गई सेठ जयकर दास डागा को 4 मार्च, 1921 को पंचायत मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था तथा 1922 में बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव द्वारा धमतरी जिले में खादी (आश्रम) प्रचार केन्द्र की स्थापना की गयी थी। अतः विकल्प (b) और (c) दोनों सुमेलित हैं।

**61. सूची-1 (छत्तीसगढ़ के ब्रिटिश सुपरिटेंडेंट) को सूची-2 (उनके समय की प्रमुख घटनाओं) से सुमेलित कीजिये।**

| सूची-1 | सूची-2 |
|---|---|
| A. कैप्टन एडमंड | 1 रतनपुर से रायपुर राजधानी परिवर्तन |
| B. कर्नल पी. वान्स एग्न्यू | 2. डोंगरगढ़ जमींदारी में विद्रोह |
| C. मि. सैंडिस | 3. ब्रिटिश संरक्षण की समाप्ति |
| D. मि. क्राफर्ड | 4. बस्तर और करौंद जमींदारियों के बीच विवाद |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (e) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**CGPSC (Pre) Exam-2017**

**Ans. (a) :** सही सुमेलन इसन प्रकार है-

| सूची-I (ब्रिटिश सुपरिटेंडेंट) | | सूची-II (समकालीन घटनाएँ) |
|---|---|---|
| कैप्टन एडमंड | – | डोंगरगढ़ जमींदारी में विद्रोह |
| कर्नल पी. वान्स एग्न्यू | – | रतनपुर से रायपुर राजधानी परिवर्तन |
| मि. सैडिस | – | बस्तर और करौंद जमींदारियों के बीच विवाद |
| मि. क्राफर्ड | – | ब्रिटिश संरक्षण की समाप्ति |

**62. छत्तीसगढ़ के कलचुरि राज्य का प्रमुख लगान अधिकारी का पद नाम क्या था ?**

(a) महाबलाधिकृत (b) अक्षपटलिक
(c) महाप्रमात (d) राजस्व सचिव
(e) उपरोक्त में से कोई नहीं

**CGPSC (Pre) Exam-2017**

**Ans. (c) :** छत्तीसगढ़ में कलचुरि राज्य का प्रमुख लगान अधिकारी 'महाप्रमात' होता था, जबकि महाबलाधिकृत गुप्तोत्तर कालीन 'सैन्य अधिकारी' तथा महापटलिक या अक्षपटलिक राजा के अंगरक्षकों की सुरक्षा प्रमुख के साथ-साथ राजमहल का सुरक्षा प्रमुख भी होता था।

**63. सूची-1 को सूची-2 से सुमेलित कीजिए।**

| सूची-1 (व्यक्तिगत सत्याग्रह में भाग लेने वाले) | सूची-2 (स्थान) |
|---|---|
| A. आचार्य विनोबा भावे | 1. पवनार |
| B. यतियतनलाल जैन | 2. दुर्ग |
| C. रामगोपाल तिवारी | 3. रायपुर |
| D. रत्नाकर झा | 4. बिलासपुर |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (e) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**CGPSC (Pre) Exam-2017**

**Ans. (a) :** सही सुमेल निम्न है–

| सूची-I (व्यक्तिगत सत्याग्रह में भाग लेने वाले) | | सूची-II (स्थान) |
|---|---|---|
| आचार्य विनोबा भावे | – | पवनार |
| यतियतनलाल जैन | – | रायपुर |
| रामगोपाल तिवारी | – | बिलासपुर |
| रत्नाकर झा | – | दुर्ग |

**64. छत्तीसगढ़ में मराठा शासनकाल में निम्नलिखित व्यक्ति सूबेदार के रूप में पदस्थ हुए :**

**1. विट्ठी दिनकर**
**2. केशव गोविंद**
**3. बीकाजी गोपाल**
**4. महिपतराव दिनकर**

**इनके सही कालक्रम को चुनिए :**

(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 3, 4, 1
(c) 3, 4, 1, 2 (d) 4, 1, 2, 3

**CGPSC (Pre) Exam-2018**

**Ans. (d) :** छत्तीसगढ़ में मराठा शासनकाल के दौरान निम्नलिखित सूबेदारों का पदस्थ कालक्रम निम्नवत् रहा–

1. महिपतराव दिनकर – 1788–90
2. विट्ठी दिनकर – 1790–96
3. केशव गोविंद – 1797-1808
4. बीकाजी गोपाल – 1809–17

**65. सुमेलित कीजिए : (1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में गिरफ्तार छत्तीसगढ़ के नेता एवं स्थान)**

| सूची-I (नेता) | सूची-II (स्थान) |
|---|---|
| **A. त्रेतानाथ तिवारी** | **1. मलकापुर** |
| **B. रघुनंदन प्रसाद सिंहरौल** | **2. रायपुर** |
| **C. अमर सिंह सहगल** | **3. बिलासपुर** |
| **D. पं. रविशंकर शुक्ल** | **4. दुर्ग** |

कोड :

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 | (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 2 | 4 | 3 | 1 | (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

**CGPSC (Pre) Exam-2018**

**Ans. (c) :** सही सुमेल इस प्रकार है-
A. त्रेतानाथ तिवारी – रायपुर
B. रघुनंदन प्रसाद सिंहरौल – दुर्ग
C. अमर सिंह सहगल – बिलासपुर
D. पं. रविशंकर शुक्ल – मलकापुर

**66. निम्नलिखित कथन पढ़िए :**
**1. 8 अगस्त, 1941 को व्यक्तिगत सत्याग्रह में भाग लेने वाले छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ताओं को ललितपुर के पास गिरफ्तार किया गया।**
**2. इन कार्यकर्ताओं में ज्वाला प्रसाद मिश्र एवं यदुनंदन प्रसाद श्रीवास्तव सम्मिलित थे।**
**3. पं. रविशंकर शुक्ल ने इन कार्यकर्ताओं का नेतृत्व किया था।**
**सही उत्तर चुनिए :**
(a) 1, 2 एवं 3 सही हैं। (b) 1 एवं 2 सही हैं।
(c) 2 एवं 3 सही हैं। (d) 1 एवं 3 सही हैं।
**CGPSC (Pre) Exam-2018**

**Ans. (b) :** कांग्रेस के आह्वान पर पूरे देश में (सन् 1940 में) व्यक्तिगत सत्याग्रह प्रारम्भ हो गया। इस आंदोलन में छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले ने अग्रणी भूमिका निभायी।
⇒ 2 अप्रैल, 1941 ई. को सत्याग्रहियों का एक जत्था दिल्ली के लिए प्रस्थान किया। इस जत्थे में शामिल लोगों में राजाराम साहू ज्वाला प्रसाद मिश्र एवं यदुनंदन प्रसाद श्रीवास्तव और रामेश्वर साहू के नाम उल्लेखनीय हैं। 8 अगस्त, 1941 ई. को जत्थे के लोगों को उत्तर प्रदेश के ललितपुर के निकट गिरफ्तार कर लिया गया था। पंडित रविशंकर शुक्ल ने इन कार्यकर्ताओं का नेतृत्व नहीं किया था। इन्होंने रायपुर में व्यक्तिगत सत्याग्रह की शुरुआत की थी।

**67. 1920 में महात्मा गांधी के साथ निम्नलिखित में से किस मुस्लिम नेता का छत्तीसगढ़ आगमन हुआ था?**
(a) मौलाना मुहम्मद अली (b) मौलाना शौकत अली
(c) मौलाना आजाद (d) मौलाना रहमत अली
**CGPSC (Pre) Exam-2018**

**Ans. (b) :** छत्तीसगढ़ के कण्डेल ग्राम में नहर कर का विद्रोह कर रहे सत्याग्रहियों द्वारा गांधीजी को आंदोलन का नेतृत्व करने के लिए आमंत्रित किया गया। उस समय गांधी जी बंगाल के दौरे पर थे। पं. सुंदरलाल शर्मा उन्हें आमंत्रित करने कलकत्ता गये। इनके आमंत्रण पर गांधी जी मुहम्मद शौकत अली के साथ 20 दिसम्बर, 1920 को रायपुर पहुँचे।

**68. छत्तीसगढ़ के प्राचीन शरभपुरीय वंश के शासकों की निम्नलिखित राजधानियाँ थी?**
**(i) प्रवरपुर (ii) शरभपुर**
**(iii) सिरपुर (iv) प्रसन्नपुर**
**सही उत्तर चुनिये–**
(a) (i), (ii), (iii) (b) (ii), (iii), (iv)
(c) (i), (iii), (iv) (d) (i), (ii), (iv)
**CGPSC (Pre) Exam-2019**

**Ans. (b) :** शरभपुरीय राजवंश ने 5वीं से 6वीं शताब्दी तक शासन किया। इस वंश के संस्थापक शरभराज थे। शरभपुरीय राजवंश वैष्णववाद से सम्बन्धित था। शरभराज ने शरभपुर (संबलपुर) को इसकी राजधानी बनाया था। प्रसन्नमात्र ने प्रसन्नपुर नगर (मल्हार) की स्थापना की और अपनी राजधानी को प्रसन्नपुर में स्थानांतरित कर दिया। प्रवरराज प्रथम ने अपनी राजधानी को प्रसन्नपुर से सिरपुर स्थानांतरित कर दिया। इस वंश का अंतिम शासक प्रवरराज द्वितीय था।

**69. रतनपुर के कलचुरिशासक पृथ्वीदेव प्रथम के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**
(a) पृथ्वीदेव प्रथम ने रतनपुर में पृथ्वीदेवेश्वर मंदिर का निर्माण किया।
(b) उसके दरबार में राजशेखर नामक साहित्यकार था।
(c) उसने 'सकलकोसलाधिपति' की उपाधि धारण की।
(d) उसने सुवर्णपुर (उड़ीसा) पर अधिकार कर लिया।
**CGPSC (Pre) Exam-2019**

**Ans. (c) :** कलचुरिशासक पृथ्वीदेव प्रथम ने सकलकोसलाधिपति और प्रचण्ड कोसलाधिपति की उपाधि धारण की थी। पृथ्वीदेव प्रथम ने रतनपुर में विशाल तालाब का निर्माण कराया और तुम्माण में पृथ्वीदेवेश्वर मंदिर का निर्माण कराया था। साहित्यकार राजशेखर गुर्जर प्रतिहार वंशी राजपूत राजा महेन्द्रपाल प्रथम के दरबारी कवि थे। अतः चारों विकल्पों में से केवल कथन (c) सत्य है।

**70. सुमेलित कीजिये (रतनपुर के कलचुरि शासक एवं उनके कार्य)–**

| सूची-II शासक | सूची-II कार्य |
|---|---|
| (A) कमलराज | (1) चक्रकोट के राजा सोमेश्वर को पराजित किया। |
| (B) जाजल्लदेव प्रथम | (2) गंग राजा अनंतवर्मन को पराजित किया। |
| (C) रत्नदेव द्वितीय | (3) त्रिपुरी के राजा जयसिंह के आक्रमण को विफल किया। |
| (D) जाजल्लदेव द्वितीय | (4) उत्कल राज्य पर आक्रमण |

**सही उत्तर चुनिए–**

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 | (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**CGPSC (Pre) Exam-2019**

**Ans. (d) :** नीचे दिये गये कूटों में सही उत्तर हैं–

| | सूची-I (शासक) | सूची-II ( कार्य ) |
|---|---|---|
| (a) | कमलराज | उत्कल राज्य पर आक्रमण |
| (b) | जाजल्लदेव प्रथम | चक्रकोट के राजा सोमेश्वर को पराजित किया। |
| (c) | रत्नदेव द्वितीय | गंग राजा अनंतवर्मन को पराजित किया। |
| (d) | जाजल्लदेव द्वितीय | त्रिपुरी के राजा जयसिंह के आक्रमण को विफल किया। |

71. **निम्नलिखित में से कौन-सी जोड़ी (छत्तीसगढ़ में मराठा शासनकाल में दिया गया भूमिदान एवं उसका अर्थ) सुमेलित नहीं है?**

(a) मोकासा : ब्राह्मणों को दान में दिया गया गाँव।
(b) धर्मदाय : धर्म के नाम पर दान में दिया गया गाँव।
(c) देवस्थान : मंदिर के नाम पर दान में दिया गया गाँव।
(d) नामनूक : कमाविसदार को दान में दिया गया गाँव।

**CGPSC (Pre) Exam-2019**

**Ans. (d):** शिवाजी का सैन्य प्रशासन अनुशासित एवं संगठित था सामान्य सैनिकों को नकद में भुगतान किया जाता था लेकिन प्रमुख सैन्य कमान्डरों को जागीर अनुदान दिया जाता था जिसे संरजम या मोकास कहा जाता था। धर्मदास, धर्म के नाम पर दान में दिया गया गाँव था। देवस्थान, मंदिर के नाम पर दान में दिया गया गाँव था। नामनूक, ब्राह्मणों या मंदिर को दान में दिया गया गाँव था।
नोट - आयोग द्वारा उत्तर (d) माना गया है जबकि विकल्प (a) भी गलत है।

72. **छत्तीसगढ़ में व्यंकोजी भोसला के शासनकाल में सूबेदारी प्रथा प्रारंभ हुई, जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित सूबेदारों ने कार्य किया–**

(i) भीखाजी गोपाल
(ii) केशव गोविंद
(iii) विट्ठल दिनकर
(iv) महीपतराव दिनकर

**इनके कालक्रम को निर्धारित करने वाला उत्तर चुनिए–**

(a) (i), (ii), (iii), (iv) (b) (ii), (iii), (iv), (i)
(c) (iii), (iv), (i), (ii) (d) (iv), (iii), (ii), (i)

**CGPSC (Pre) Exam-2019**

**Ans. (d) :** व्यंकोजी भोंसले ने छत्तीसगढ़ में सूबेदारी प्रणाली की शुरुआत की सूबेदार शासक नहीं बल्कि मराठों के अधीन अधिकारी थे। सूबेदारी प्रथा के अन्तर्गत निम्नलिखित सूबेदारों ने कार्य किया है। महिपत राव दिनकर, विट्ठलराव दिनकर, केशव गोविंद, भीकाजी गोपाल आदि। महिपतराव दिनकर छत्तीसगढ के प्रथम सूबेदार थे। छत्तीसगढ़ के ब्रिटिश रेजिडेंट जेनकिंस ने सूबेदारी प्रथा को समाप्त कर दिया और ब्रिटिश अधीक्षकों को नियुक्त किया। छत्तीसगढ़ के अन्तिम सूबेदार यादव राव दिवाकर थे।

73. **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन महात्मा गाँधी की प्रथम छत्तीसगढ़ यात्रा के सम्बन्ध में सत्य है?**

(a) महात्मा गाँधी सितम्बर 1920 में पं. सुन्दरलाल शर्मा के साथ रायपुर आए।
(b) उनकी छत्तीसगढ़ यात्रा का उद्देश्य असहयोग आन्दोलन के लिए लोगों का समर्थन प्राप्त करना था।
(c) उन्होंने कण्डेल ग्राम जाकर नहर के लिए सत्याग्रह करने वालों का समर्थन किया।
(d) उन्होंने लोगों से खिलाफत आन्दोलन को समर्थन देने की प्रार्थना की।

**CGPSC (Pre) Exam-2019**

**Ans. (b) :** महात्मा गाँधी सितम्बर 1920 में पं. सुन्दरलाल शर्मा के साथ रायपुर आए। गाँधीजी का छत्तीसगढ़ में यह प्रथम आगमन था। यहाँ उन्होंने कंडेल गाँव में नहर सत्याग्रह में लगे लोगों का समर्थन किया। उन्होंने लोगों से खिलाफत आन्दोलन को समर्थन देने की प्रार्थना की। अतः दिये गये विकल्पों में से विकल्प (b) असत्य है।

74. **सविनय अवज्ञा आन्दोलन के प्रथम चरण में छत्तीसगढ़ में निम्नलिखित घटनाएँ हुईं?**

(i) बिलासपुर के हाईस्कूल भवन पर विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा झंडा फहराने का प्रयास
(ii) वामनराव लाखे, शिवदास डागा, अब्दुल रऊफ तथा प्यारेलाल सिंह की रायपुर में गिरफ्तारी
(iii) पूर्ण स्वराज सप्ताह का आयोजन, छ. ग. के विभिन्न स्थानों में
(iv) रायपुर जिला कौंसिल अध्यक्ष पद पर पं. रविशंकर शुक्ल का जेल में रहते हुए निर्वाचन

**इनके कालक्रम को निर्धारित करने वाला उत्तर चुनिए–**

(a) (i), (iv), (iii), (ii) (b) (ii), (i), (iv), (iii)
(c) (iii), (i), (ii), (iv) (d) (iv), (iii), (ii), (i)

**CGPSC (Pre) Exam-2019**

**Ans. (*) :** सविनय अवज्ञा आन्दोलन के प्रथम चरण में छत्तीसगढ़ में निम्नलिखित घटनाएँ हुईं– 6-13 अप्रैल के मध्य छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों में पूर्ण स्वराज सप्ताह का आयोजन किया गया। 4 अगस्त, 1930 को बिलासपुर के हाईस्कूल भवन पर विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा झंडा फहराने का प्रयास किया गया। 25 जून, 1930 को वामनराव लाखे, शिवदास डागा तथा प्यारेलाल सिंह की रायपुर में गिरफ्तारी की गई। 24 अक्टूबर, 1930 को पं. रविशंकर शुक्ल जेल में रहते हुए रायपुर जिला कौंसिल के अध्यक्ष पद पर निर्वाचन किया। छत्तीसगढ़ आयोग ने इस प्रश्न को विलोपित कर दिया है।

75. **छत्तीसगढ़ की डौंडीलोहारा जमींदारी में 1937 में दीवान के विरुद्ध किसानों का आन्दोलन हुआ, जिसमें निम्नलिखित में से किसके नेतृत्व में किसानों ने सत्याग्रह किया?**

(a) नरसिंह प्रसाद अग्रवाल (b) सरयू प्रसाद अग्रवाल
(c) वली मुहम्मद (d) वासुदेव देशमुख

**CGPSC (Pre) Exam-2019**

**Ans. (b) :** छत्तीसगढ़ की डौंडीलोहारा जमींदारी में 1937 में दीवान के विरुद्ध किसानों के आन्दोलन में सरयू प्रसाद अग्रवाल के नेतृत्व में किसानों ने सत्याग्रह किया। यह आन्दोलन छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में हुआ। यह आन्दोलन डौंडीलोहारा जमींदारों के खिलाफ था।

76. **निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा सही विकल्प को चुनिए–**

**कथन I :** प्रफुल्ल कुमारी देवी छत्तीसगढ़ की द्वितीय महिला शासक थीं
**कथन II :** प्रफुल्ल कुमारी देवी का राज्याभिषेक सन् 1916 में हुआ था
**कथन III :** राज्याभिषेक के समय प्रफुल्ल कुमारी देवी की आयु 12 वर्ष थी

(a) कथन I, II एवं III सभी सही हैं
(b) कथन I, II एवं III सभी गलत हैं
(c) कथन I एवं II सही हैं, लेकिन कथन III गलत है
(d) कथन I एवं II गलत हैं, लेकिन कथन III सही है

**CGPSC (Pre) Exam-2020**

**Ans. (d) :** काकतीय वंश की प्रफुल्ल कुमारी देवी छत्तीसगढ़ की एकमात्र महिला शासिका थी। रुद्रप्रताप देव की अचानक मृत्यु हो जाने पर 1921 में उन्होंने शासन की बागडोर संभाली और इसे 1922 में अंग्रेजों द्वारा भी मान्यता दे दिया गया था। राज्याभिषेक के समय इनकी आयु मात्र 12 वर्ष थी।

**77. छत्तीसगढ़ में चितवाडोंगरी के शैलचित्रों की खोज सर्वप्रथम किसने की थी?**

(a) जे.आर. कांबले एवं रमेन्द्रनाथ मिश्र
(b) भगवान सिंह बघेल एवं रमेन्द्रनाथ मिश्र
(c) भगवानसिंह बघेल एवं अरुण कुमार शर्मा
(d) अरुण कुमार शर्मा एवं विष्णु श्रीधर वाकणकर

**CGPSC (Pre) Exam-2020**

**Ans. (b) :** यह पाषाणकालीन गुफा है, जो कि शैल चित्रों के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ ड्रेगन की आकृति के चित्र मिले हैं, जो चीनी कला की अभिव्यक्ति का प्रमाण है। इसे राजनंदगाँव जिले में भगवान सिंह बघेल एवं रमेन्द्रनाथ मिश्र द्वारा सर्वप्रथम खोजा गया।

**78. छत्तीसगढ़ का वह विद्रोह कौन-सा है, जिसे 'बस्तर का मुक्ति संग्राम' के नाम से भी जाना जाता है?**

(a) कोल विद्रोह (b) लिंगागिरी विद्रोह
(c) तारापुर विद्रोह (d) परलकोट विद्रोह

**CGPSC (Pre) Exam-2020**

**Ans. (b) :** लिंगागिरी विद्रोह वर्ष 1856 में भैरमदेव के शासन काल में धुरवा राम माड़िया के नेतृत्व में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य बस्तर को अंग्रेजी साम्राज्य में शामिल किये जाने पर इसे मुक्त कराना था। इसलिए इसे बस्तर का मुक्ति संग्राम कहा जाता है।

**79. छत्तीसगढ़ के इतिहास की निम्नलिखित घटनाओं पर विचार कीजिए–**

(i) हल्बा विद्रोह
(ii) परलकोट के जमींदार गेंद सिंह को फाँसी
(iii) सिपाही विद्रोह की शुरुआत
(iv) छत्तीसगढ़ में मराठों का आक्रमण
(v) मुरिया विद्रोह
(vi) रतनपुर की स्थापना
(vii) शहीद वीर नारायण सिंह को फाँसी

**उपरोक्त घटनाओं का सही कालानुक्रम है–**

(a) (ii), (iv), (i), (iii), (vii), (vi), (v)
(b) (vi), (iv), (i), (ii), (vii), (iii), (v)
(c) (i), (v), (ii), (iii), (vi), (iv), (vii)
(d) (iv), (i), (vi), (ii), (iii), (v), (vii)

**CGPSC (Pre) Exam-2020**

**Ans. (*) :** कलचुरी वंश के शासक रत्नदेव प्रथम ने 1050 ई. में रतनपुर की स्थापना की थी, कलचुरी के शासन काल में 1741 में नागपुर के भोसले सेनापति भास्कर पंत ने आक्रमण किया। हल्बा विद्रोह (1774-1777) ई. तक अजमेर सिंह के नेतृत्व में विद्रोह किया और परलकोट के जमींदार गेंद सिंह को 1825 में फाँसी दी गयी थी। सिपाही विद्रोह 1857 में हुआ। वीर नारायण सिंह को सोनखान के विद्रोह में 10 दिसंबर, 1857 में फाँसी दी गयी थी और मुरिया विद्रोह 1876 में झाड़ा सिरहा के नेतृत्व में की गयी थी।

**80. छत्तीसगढ़ में असहयोग आन्दोलन के दौरान बहिष्कार स्वरूप बैरिस्टर नगेन्द्रनाथ डे ने किस उपाधि का त्याग किया था?**

(a) खान साहब (b) राय बहादुर
(c) राय साहब (d) लोकप्रिय

**CGPSC (Pre) Exam-2020**

**Ans. (b) :** छत्तीसगढ़ में असहयोग आन्दोलन के दौरान बैरिस्टर नगेन्द्रनाथ डे ने ब्रिटिश शोषणकारी नीतियों का विरोध करते हुए ब्रिटिशों द्वारा प्रदान की गयी राय बहादुर उपाधि का परित्याग कर दिया था।

**81. 'झण्डा सत्याग्रह' बिलासपुर में कब प्रारम्भ हुआ?**

(a) 1 जनवरी, 1923 (b) 18 मार्च, 1923
(c) 15 सितम्बर, 1924 (d) 31 मार्च, 1923

**CGPSC (Pre) Exam-2020**

**Ans. (d) :** झण्डा सत्याग्रह जबलपुर (मध्य प्रान्त) में 18 मार्च, 1923 को नगर पालिका भवन में झण्डा फहराकर आन्दोलन को आरम्भ किया गया था। बिलासपुर में झंडा सत्याग्रह 31 मार्च, 1923 को प्रांतीय राजपूत सम्मेलन के अवसर पर स्थानीय टाऊनहाल में झण्डा फहरा कर प्रारंभ हुआ।

**82. रतनपुर के किस राजा के कार्यकाल में मराठा सेनापति भास्कर पंत ने आक्रमण किया था?**

(a) रत्नराज (b) रघुनाथ सिंह
(c) पृथ्वीदेव प्रथम (d) अमर सिंह

**CGPSC (Pre) Exam-2020**

**Ans. (b) :** रतनपुर के राजा रघुनाथ सिंह के कार्यकाल में मराठा सेनापति भास्कर पंत ने आक्रमण किया था, परन्तु दोनों के मध्य युद्ध नहीं हो सका, क्योंकि रतनपुर के शासक रघुनाथ सिंह ने आत्मसमर्पण कर दिया था। परिणामस्वरूप कलचुरी वंश का आधिपत्य समाप्त हो गया।

**83. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?**

**i. सातवाहन वंश के शक्ति क्षीण होने के बाद वाकाटक वंश ने अपना राज्य स्थापित किया**
**ii. वाकाटक वंश का पहला राजा प्रवर सेन (प्रथम) हुआ**
**iii. विंध्य शक्ति प्रवर सेन का पुत्र था**

**सही विकल्प चुनें :**

(a) i, ii और iii (b) i और ii
(c) केवल i (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**CGPSC (Pre) Exam-2021**

**Ans. (b) :** वाकाटक राजवंश की स्थापना विन्ध्यशक्ति ने की थी। इसके पूर्वज सातवाहनों के अधीन स्थानीय शासक थे। विन्ध्यशक्ति के पश्चात् उसका पुत्र प्रवरसेन प्रथम शासक बना। प्रवरसेन पहला शासक था, जिसने सम्राट की उपाधि धारण किया। इस प्रकार वाकाटक वंश का पहला वास्तविक शासक प्रवर सेन प्रथम था। पुराणों के अनुसार, प्रवरसेन प्रथम ने चार अश्वमेध यज्ञ किया था।

**84. भारत छोड़ो आन्दोलन के काल में 9 अगस्त, 1942 को गिरफ्तार किए गए नेताओं को उनके स्थान से सुमेलित कीजिए :**

**नेता** | **स्थान**

| नेता | स्थान |
|---|---|
| (a) याकूब अली | (i) दुर्ग |
| (b) हरनारायण बाजपेयी | (ii) रायपुर |
| (c) लक्ष्मण सिंह देशमुख | (iii) बेमेतरा |
| (d) वी.वाई. तामस्कर | (iv) बिलासपुर |

**सही विकल्प का चयन कीजिए-**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (b) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (c) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (d) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**CGPSC (Pre) Exam-2021**

**Ans. (c) :** सही सुमेलित है-

| नेता | स्थान |
|---|---|
| याकूब अली | रायपुर |
| हरनारायण बाजपेयी | बिलासपुर |
| लक्ष्मणसिंह देशमुख | दुर्ग |
| वी.वाई.तामस्कर | बेमेतरा |

**85. निम्न शासकों के नाम उसके राजवंशों से सुमेलित कीजिए :**

| शासक | राजवंश |
|---|---|
| (a) कन्हरदेव | (i) नल वंश |
| (b) स्कंदवर्मन | (ii) शरभपुरीय वंश |
| (c) दुर्गराज | (iii) पाण्डु वंश |
| (d) हर्षगुप्त | (iv) छिन्दक नाग वंश |

**सही विकल्प का चयन कीजिए-**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (b) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (c) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (d) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**CGPSC (Pre) Exam-2021**

**Ans. (c) :** सही सुमेलित है-

| शासक | राजवंश |
|---|---|
| कन्हरदेव | छिन्दकनाग वंश |
| स्कंदवर्मन | नल वंश |
| दुर्गराज | शरभपुरीय वंश |
| हर्षगुप्त | पाण्डु वंश |

**86. मराठा सूबेदारों के नाम कालाक्रमानुसार सजाइए :**

**i. केशव गोविन्द**
**ii. जदुराव ( यादवराव ) दिवाकर**
**iii. विट्ठल दिनकर**
**iv. भीका गोपाल**

**सही विकल्प चुनिए -**

(a) (iv), (iii), (i), (ii)
(b) (iii), (ii), (iv), (i)
(c) (iii), (i), (iv), (ii)
(d) (ii), (i), (iii), (iv)

**CGPSC (Pre) Exam-2021**

**Ans. (c) :** छत्तीसगढ़ में मराठा सूबेदारों का कालक्रम निम्न है-

| | |
|---|---|
| विट्ठल दिनकर | 1790-1796 |
| केशव गोविंद | 1797-1808 |
| भीका गोपाल | 1809-1816 |
| जदुराव (यादवराव)दिवाकर | 1817-1818 |

**87. 1933 में गाँधीजी को भाषण देने के लिए आमंत्रित करने वाले राजकुमार कॉलेज के प्राचार्य का नाम है :**

(a) स्मिथ पियर्स
(b) टी.ए.स्कॉट
(c) एच.एम. लारी
(d) एल. एस. कैरी

**CGPSC (Pre) Exam-2021**

**Ans. (a) :** 1933 में गाँधीजी को भाषण देने के लिए आमंत्रित करने वाले राजकुमार कॉलेज के प्राचार्य स्मिथ पियर्स थे। राजकुमार कालेज की स्थापना 1882 में एंड्रयू फ्रेजर के द्वारा की गयी थी।

**88. राजनांदगाँव रियासत के शासक महन्त घासीदास को ब्रिटिश शासन ने शासक होने की सनद कब प्रदान किया था?**

(a) 1861
(b) 1865
(c) 1869
(d) 1872

**CGPSC (Pre) Exam-2023 Paper-I**

**Ans. (b) :** राजनांदगाँव रियासत के शासक महन्त घासीदास को ब्रिटिश शासन ने वर्ष 1865 में शासक होने की सनद प्रदान किया था। महंत घासीदास का जन्म 1820 ई. में तथा मृत्यु 1883 ई में हुई थी।

**89. बस्तर रियासत के भूमकाल विद्रोह के निम्नलिखित घटनाओं को तिथि से सुमेलित कीजिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | विद्रोह की घोषणा | 1. | 4 फरवरी, 1910 |
| B. | कुकानार पर आक्रमण | 2. | 5 मार्च, 1910 |
| C. | मुरिया राज की घोषणा | 3. | अक्टूबर 1909 |
| D. | रानी सुबरन कुंवर की गिरफ्तारी | 4. | 7 फरवरी, 1910 |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**CGPSC (Pre) Exam-2023 Paper-I**

**Ans. (b) :** बस्तर रियासत के भूमकाल विद्रोह का सही सुमेलन इस प्रकार है-

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| विद्रोह की घोषणा | अक्टूबर, 1909 |
| कुकानार पर आक्रमण | 4 फरवरी, 1910 |
| मुरिया राज की घोषणा | 7 फरवरी, 1910 |
| रानी सुबरन कुंवर की गिरफ्तारी | 5 मार्च, 1910 |

**90. रतनपुर के कलचुरि शासक रत्नदेव के सिक्कों में निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता नहीं पाई जाती है?**

(a) गज शार्दूल
(b) सिंह
(c) गज लक्ष्मी
(d) मानवाकृति

**CGPSC (Pre) Exam-2023 Paper-I**

**Ans. (c) :** रतनपुर के कलचुरि शासक रत्नदेव के सिक्कों में गज लक्ष्मी की विशेषता नहीं पाई जाती है। भारत में कलचुरि शासकों ने 550 से 1750 ई. तक शासन किया। इन्होंने उत्तर तथा दक्षिण के प्रदेशों में अपना राज्य स्थापित किया। इस वंश की स्थापना